सुविचार
हम उन लोगों से भी सीख सकते हैं, जिन लोगों से हम खुद को श्रेष्ठ समझते हैं।

Daily THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi • Wednesday, 12 June 2024 • Year : 02 • Issue : 144 • Ranchi Edition • Page : 12 • Price : ₹3 • www.thephotonnews.com   E-Paper : epaper.thephotonnews.com

12
Deepika Padukone Receives Big...

SHARE

सेंसेक्स	:	76,456.59
निफ्टी	:	23,264.85

SARAFA

सोना	:	6,755
चांदी	:	95.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

रेल ट्रैक पर मिला केन बम, थमे ट्रेनों के पहिए

KODERMA : मंगलवार को हावड़ा-नई दिल्ली ग्रैंड कोड रेलवे लाइन पर कोडरमा व गया जंक्शन के बीच केन बम मिलने की सूचना के बाद रेलवे में अफरा-तफरी मच गई। धनबाद कंट्रोल को सूचना मिली थी कि यदुग्राम और बसकटवा हाल्ट के बीच पोल संख्या 420/10 के समीप डाउन लाइन की पटरी पर केन बम रखा है। इसके बाद आनन-फानन में अप एवं डाउन दोनों लाइन पर परिचालन रोक दिया गया। इसके बाद कोडरमा आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार, जीआरपी थाना प्रभारी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ट्रैक से किसी तरह बम को हटाकर किनारे किया। इस दौरान 15.20 बजे से 17.40 बजे तक दोनों लाइन पर ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह थम गया। इसके बाद दोनों लाइन पर परिचालन शुरू कराया गया। घटना को लेकर आरा-रांची एक्सप्रेस गुरपा स्टेशन पर रुकी रही। जबकि इससे पहले नई दिल्ली-पुरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, पटना-हटिया सुपर एक्सप्रे सहित अन्य यात्री ट्रेनें गुजर चुकी थी। घटना की सूचना के बाद शाम को आरपीएफ धनबाद के सहायक सुरक्षा आयुक्त सुरेश मिश्रा भी कोडरमा पहुंचे और

लश्कर-ए-तैयबा के तीन सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

SRINAGAR : पुलवामा जिले में दो आईईडी बरामद होने के मामले में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि 3 जून को लश्कर कमांडर रेयाज डार और उसके सहयोगी रईस डार की मुठभेड़ के दौरान मारे जाने के बाद आगे की जांच के दौरान पुलिस ने मारे गए आतंकवादियों के सक्रिय कार्यकर्ताओं (ओजीडब्ल्यू) के नेटवर्क से विस्फोटक बरामद किए। रविवार को बरामद किए गए करीब छह किलोग्राम वजनी विस्फोटक उपकरण एक दिन बाद नष्ट कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों को आश्रय और रसद सहायता प्रदान करने के आरोप में तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है।

परीक्षा की पवित्रता से समझौता हुआ : सुप्रीम कोर्ट

NEW DELHI : सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नीट रिजल्ट पर दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए एनटीए को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि परीक्षा की पवित्रता से समझौता किया गया है। कोर्ट के नोटिस जारी करने पर फिजिक्स वाला के सीईओ अलख पांडे ने कहा, हमने जो याचिका दायर की है उसपर बुधवार को सुनवाई होगी। हमारी याचिका में ग्रेस मार्क्स और पेपर लीक दोनों पर बात की गई है। मंगलवार को जो सुनवाई हुई है उसमें ग्रेस मार्क्स पर कोई बात नहीं हुई है। अलख पांडे ने कहा कि कोर्ट ने जिस याचिका पर सुनवाई कि वो पेपरलीक से जुड़ा है।

डी. पुरंदेश्वरी बन सकती हैं लोकसभा अध्यक्ष

AGENCY NEW DELHI : लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार सत्ता संभाल ली है। अब लोकसभा अध्यक्ष के नाम की चर्चा जोर पकड़ रही है। इस पद के लिए सबसे पहले आंध्र प्रदेश की सांसद और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डी. पुरंदेश्वरी का नाम लिया जा रहा है। इस बीच मंगलवार को पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष का पद संभालने वाले किसी नेता में संसदीय काम-काज के अनुभव के साथ ही पक्ष और विपक्ष, दोनों से तालमेल बैठाकर सदन चलाने की क्षमता होनी चाहिए। उन्होंने यह बात ऐसे वक्त कही, जब लोकसभा चुनाव के बाद बदले राजनीतिक हालात में देश के अगले लोकसभा अध्यक्ष के नाम को लेकर अटकलें तेज हो रही हैं।

अध्यक्ष ऐसा हो, जो पक्ष-विपक्ष दोनों को साधकर चला सके सदन : सुमित्रा

लोगों की अपेक्षाओं पर खरे उतरे मोदी

महाजन ने कहा कि नरेंद्र मोदी पिछले 10 साल के दौरान प्रधानमंत्री के रूप में लोगों की अपेक्षाओं पर खरे उतरे हैं, इसलिए मौजूदा राजग सरकार में भी जनता को मोदी पर विश्वास है कि वह अपने बचे काम को पूरा करेंगे।

सब नेताओं को जानती हैं पुरंदेश्वरी

लोकसभा अध्यक्ष के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आंध्र प्रदेश इकाई की अध्यक्ष और राजमुंदरी से सांसद डी. पुरंदेश्वरी के नाम की अटकलों पर महाजन ने कहा, मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है, लेकिन पुरंदेश्वरी कई साल संसद में रही हैं और सब नेताओं को जानती भी हैं। लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष ने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रादेशिक कारणों से भाजपा की सीटें घटीं, लेकिन पार्टी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार को सशक्त बहुमत हासिल है।

अध्यक्ष को अनुभवी भी होना चाहिए

महाजन ने इंदौर में कहा, लोकसभा अध्यक्ष का काम पक्ष और विपक्ष, दोनों को संभालते हुए सदन का काम-काज चलाना है। मेरे ख्याल में लोकसभा अध्यक्ष को थोड़ा अनुभवी होना चाहिए। यानी उसे संसदीय काम-काज का तजुर्बा होना चाहिए। अगर इस पद के लिए ऐसा व्यक्ति मिल जाए, तो बहुत अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष का स्वभाव और बातचीत का ढंग ऐसा होना चाहिए कि वह पक्ष और विपक्ष दोनों को समझा सके।

तिब्बत की 30 जगहों के नाम बदलेगा भारत

NEW DELHI : लोकसभा चुनाव में एनडीए की जीत के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर के पद संभालते ही भारत ने चीन के खिलाफ बड़ा कदम उठाया है। द डिप्लोमैट की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन को काउंटर करने के लिए भारत अब तिब्बत की 30 से ज्यादा जगहों के नाम बदलने जा रहा है। भारतीय सेना जल्द ही जगहों की लिस्ट के साथ चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का नया मैप जारी करेगी। दरअसल, चीन ने अप्रैल में अरुणाचल प्रदेश की 30 जगहों के नाम बदले थे। चीन की सरकार इन इलाकों को अपना क्षेत्र बताती है। ड्रैगन की इसी हरकत का जवाब देने के लिए भारत सरकार ने यह फैसला लिया है। तिब्बत के इलाकों का नाम बदलने के लिए काफी रिसर्च की गई। भारतीय भाषा में पुराने नामों को आधार बनाकर इन जगहों के नए नाम रखे गए हैं।

झारखंड में लू के थपेड़ों से अभी नहीं मिलेगी कोई राहत, रेड अलर्ट जारी

चेहरे पर स्कार्फ बांधकर लू से बचने की कोशिश करतीं युवतियां।

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में गर्मी ने अपना प्रचंड रूप ले लिया है। हीट वेब ने लोगों की परेशानी दोगुनी कर दी है। मौसम विभाग ने हीट वेब को लेकर झारखंड के कई जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं-कहीं पर गर्जन और आंधी के साथ हल्के दर्जे की वर्षा हुई। सबसे अधिक वर्षा 5.0 एमएम सिमडेगा में दर्ज किया गया। राज्य में कहीं-कहीं पर हीट वेब से सीवियर हीट वेब दर्ज की गई। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 45.3 डिग्री गढ़वा में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 26.3 डिग्री रांची में दर्ज किया गया। 11 जून को राज्य के गढ़वा और पलामू में सीवियर हीट वेब को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के उत्तर-पश्चिमी एवं दक्षिण-पूर्वी भागों चतरा, लातेहार, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसांवा में हीट वेब को लेकर ऑरेंज अलर्ट और राज्य के उत्तर-पश्चिमी एवं दक्षिण-पूर्वी भागों गुमला, सिमडेगा, खूंटी, रांची, रामगढ़, बोकारो, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा में हीट वेब को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। 12 और 13 जून राज्य के उत्तर-पश्चिमी भागों में गढ़वा, पलामू, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसांवा में सीवियर हीट वेब को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के उत्तर-पूर्वी, मध्य और दक्षिणी भागों चतरा, लातेहार में हीट वेब को लेकर ऑरेंज अलर्ट और गुमला, सिमडेगा, खूंटी, रांची, रामगढ़, बोकारो, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा में हीट वेब को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

भीषण गर्मी का कहर, केजी से 12वीं की कक्षाएं 15 जून तक बंद

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में भीषण गर्मी का कहर जारी है। गर्मी के प्रकोप को देखते हुए झारखंड सरकार ने केजी से 12 वीं तक की कक्षाएं बंद करने का फैसला किया है। 12 जून से 15 जून तक सभी कोटि के स्कूल बंद कर दिए गए हैं। दरअसल, झारखंड में इन दिनों लू चल रही है। दिन में बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बच्चों को स्कूल आने-जाने



में परेशानी हो रही है। इसी को देखते हुए राज्य के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को 12 जून से 15 जून के लिए बंद किया गया है। इससे पहले 9 जून से 15 जून तक स्कूल के टाइम में बदलाव किया गया था।

अवैध माइनिंग रोकने के लिए अफसरों को दी सख्त हिदायत

माफिया के खिलाफ तेवर में चम्पाई, कार्रवाई का निर्देश

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन अपनी पहली समीक्षा बैठक विधि व्यवस्था पर की। वह माफिया के खिलाफ पूरे तेवर में दिखे। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया। बैठक में मौजूद अधिकारियों को राज्य में अवैध माइनिंग रोकने के लिए सख्त हिदायत दी। उन्होंने निर्देश दिया कि अनुसूचित जनजाति से जुड़े जमीन के उन वादों में आदिवासियों को जमीन पर दखल दिलाना सुनिश्चित करें, जिसमें कोर्ट की डिक्री हो चुकी है।

एसटी-एससी में दर्ज मामलों का हो जल्द निष्पादन : मुख्यमंत्री ने कहा कि एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द सुनिश्चित करें। इसके तहत दर्ज मामले पेंडिंग नहीं रहें, विशेष ध्यान दें और इसकी मॉनिटरिंग पूरी गंभीरता के साथ हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि उग्रवादी घटनाओं में जो जवान शहीद हुए हैं, उनके आश्रितों को सरकार की ओर से दिए जाने वाले सभी लाभ समय पर दिलाना सुनिश्चित करें।

- पंचायत वाले बालू घाटों की बढ़ाएं संख्या
- पुलिस कैंप के कारण न हो लोगों को परेशानी
- पंजाब हरियाणा से आने वाले शराब पर रोक लगे

अफीम की खेती पर रोक लगाना प्राथमिकता : CM

मुख्यमंत्री ने कहा, नक्सल प्रभावित इलाकों में पुलिस कैंप की वजह से लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसका पूरा ख्याल रखें। राज्य की विधि व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस अफसरों को निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि स्नेचिंग, चोरी, लूट और डकैती की घटनाओं पर हर हाल में लगाम लगाएं। शहरी इलाकों में गश्ती व्यवस्था को अधिक से अधिक सुदृढ़ करें, इसकी निरंतर निगरानी करते रहें। राज्य में विधि व्यवस्था का बेहतर संधारण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की कोताही स्वीकार्य नहीं। माफिया और पेशेवर अपराधियों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध योजनाबद्ध तरीके से प्रभावी कानूनी कार्रवाई करें ताकि उनके मन में भय उत्पन्न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के ग्रामीण इलाकों में लोगों को अफीम की खेती में मदद करने वाले बाहरी तत्वों और इसकी खेती करने वालों और बाजार तक पहुंचाने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें। अफीम की खेती पर रोक लगाना सरकार की विशेष प्राथमिकताओं में शामिल है। राज्य के कई शहरों में स्कूल-कॉलेज के आसपास ड्रग्स की अवैध बिक्री के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ऐसे में अवैध मादक पदार्थों और उसकी तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चला कर कड़ी कार्रवाई करें।

अवैध माइनिंग से खराब होती है राज्य की छवि

सीएम ने कहा कि अवैध माइनिंग की घटनाओं से राज्य की छवि खराब होती है। बिना चालान के माइनिंग की ढुलाई करने वाले वाहन मालिकों पर कानूनी कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां लीज दें खनन वहीं हो, अधिकारी ये सुनिश्चित करें। आवंटित भूमि के अलावा अन्य आसपास की भूमि पर खनन कार्य नहीं चलना चाहिए। अगर ऐसा होता है तो जांच कर खनन कंपनियों पर कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलों के उपायुक्त पंचायत वाले बालू घाटों को चिन्हित कर उनकी संख्या बढ़ाएं। बालू की उपलब्धता सुनिश्चित रखने के लिए पहल करें। अवैध बालू उठाव पर हाल में नियंत्रण करें। पंजाब-हरियाणा से शराब की खेप के आने और अवैध शराब की बिक्री से सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। अवैध शराब की बिक्री को नियंत्रित करने के लिए सभी समुचित कदम उठाएं।

एयरक्राफ्ट में 9 लोग थे सवार, कोई जिंदा नहीं बचा

प्लेन क्रैश में मलावी के उपराष्ट्रपति की गई जान

AGENCY NEW DELHI : अफ्रीकी देश मलावी के उपराष्ट्रपति साउलोस क्लॉस चिलिमा की प्लेन क्रैश में मौत हो गई। मलावी के राष्ट्रपति लाजारस चकवेरा ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि 24 घंटे के सर्च ऑपरेशन के बाद उपराष्ट्रपति के विमान का मलबा मिला है। एयरक्राफ्ट में 9 लोग सवार थे। इनमें से कोई जिंदा नहीं बचा। मलावी के उपराष्ट्रपति का विमान सोमवार 10 जून की सुबह

ही रडार से गायब हो गया था। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, एविएशन अथॉरिटी ने कई बार विमान से संपर्क करने की कोशिश की थी, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

मोदी कैबिनेट गठन के बाद राज्यों को मिला पैसा

NEW DELHI : केंद्र ने जून के लिए राज्यों को 1,39,750 करोड़ रुपये का टैक्स डिवोल्यूशन (कर हस्तांतरण) जारी करने की मंजूरी दे दी। वित्त मंत्रालय ने बताया कि डिवोल्यूशन अमाउंट की नियमित रिलीज के अलावा, एक अतिरिक्त किस्त जारी करने का भी फैसला लिया है। टैक्स डिवोल्यूशन यानी, केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच टैक्स रेवेन्यू का डिस्ट्रीब्यूशन। यह केंद्र और राज्यों के बीच कुछ टैक्सों से होने वाली कमाई को उचित और न्यायसंगत तरीके से अलॉकेट करने के लिए स्थापित एक कॉन्स्टिट्यूशनल मैक्निज्म है। अभी केंद्र सरकार जो भी टैक्स कलेक्ट करती है उसका 41 प्रतिशतराज्यो को एक वित्त वर्ष में 14 किश्तों में वितरित करती है।

प्रधानमंत्री और अमित शाह देश की नींव के साथ कर रहे खिलवाड़

प्रियंका वाराणसी से लड़तीं तो हार जाते मोदी : राहुल

AGENCY RAEBARELI : लोकसभा चुनाव में जीत के ठीक एक हफ्ते बाद राहुल और प्रियंका गांधी मंगलवार 11 जून को पहली बार रायबरेली पहुंचे। राहुल ने कहा- मोदी और शाह देश की नींव के साथ खिलवाड़ कर रहे। इसलिए देश एकजुट हो गया। पहली बार देखा, देश का प्रधानमंत्री हिंसा की राजनीति करते हैं। जनता के बीच नफरत फैलाते हैं। तीन उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाते हैं। राहुल ने कहा- आपने देखा, वे (भाजपा) अयोध्या की सीट हार गए। अयोध्या का मंदिर बनाया, लेकिन इनॉगरेशन में एक भी गरीब नहीं था। देश की राष्ट्रपति को कहा कि तुम यहां नहीं आ सकती। सिर्फ अयोध्या में नहीं, प्रधानमंत्री वाराणसी से भी जान बचाकर

- पीएम काशी से जान बचाकर निकले, अयोध्या भी हार गए

सोशल मीडिया से 'मोदी का परिवार' हटाने का पीएम ने किया अनुरोध

मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट डाला और अपने समर्थकों से खास अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्रोपर्टी से 'मोदी का परिवार' हटाने का अनुरोध किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा, चुनाव प्रचार के दौरान पूरे भारत में लोगों ने मेरे प्रति स्नेह के प्रतीक के रूप में अपने सोशल मीडिया पर 'मोदी का परिवार' जोड़ा, इससे मुझे बहुत ताकत मिली। भारत के लोगों ने एनडीए को लगातार तीसरी बार बहुमत दिया है, जो एक तरह का रिकॉर्ड है, और हमें अपने देश की बेहतरी के लिए काम करते रहने का जनादेश दिया है।

एक्शन में सुरक्षा बल — दबोचने के लिए उतारे गए कमांडो और ड्रोन, जंगल में तलाशी तेज

नहीं बचेंगे तीर्थयात्रियों की जान लेने वाले आतंकी

AGENCY SRINAGAR : जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर रविवार देर शाम हुए आतंकी हमला हुआ, जिसमें 9 लोगों की जान चली गई। हमले के बाद आतंकी फरार हो गए। उनकी तलाश में सुरक्षा बल लगे हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सेना और सीआरपीएफ की 11 टीमें ऊपरी पहाड़ी इलाके में आतंकियों की तलाश कर रहे हैं। पाकिस्तान समर्थित आतंकियों को खत्म करने के लिए सर्च ऑपरेशन तेज है। बस पर हमला करने के बाद आतंकी जंगल की ओर भाग गए थे। खबर है कि रियासी के जंगल को सुरक्षाबलों ने घेर लिया है। वहां कमांडो और ड्रोन भी उतारने का काम किया गया है।

पहाड़ी इलाकों में छुपे हैं हमला करने वाले टेररिस्ट

सुरक्षा बलों को संदेह है कि पाकिस्तानी आतंकवादी राजौरी और रियासी के पहाड़ी इलाकों में छुपे हुए हैं और उन्होंने क्षेत्र में तलाश अभियान तेज कर दिया है। खबर है कि आतंकवादी सुरक्षित संचार के माध्यम से पाकिस्तान की आईएसआई से निर्देश ले रहे हैं। ऐसी रिपोर्ट हैं कि आतंकियों के एक स्थानीय मददगार सहित चार आतंकवादी इस हमले में शामिल थे, जिसे लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर अबू हमजा के निर्देश पर अंजाम दिया गया। हमले में घायल हुए 41 लोगों में से 10 को गोली लगी है। बस चालक विजय शर्मा को कई गोलियां लगने से मौत हो गई। बस पर 11 स्थान पर गोली लगने के निशान हैं।

आतंकवादियों के तीन संगठनों ने पहले ली थी हमले की जिम्मेदारी

इस बीच प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े तीन ग्रुप ने जम्मू में तीर्थयात्रियों पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। पूरे देश में हो रही आलोचना के बाद इस ग्रुप ने तुरंत अपने बयान को वापस ले लिया। मामले को लेकर अधिकारियों की ओर से जानकारी दी गई कि (जैश से जुड़े) पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फोर्स (पीएएफएफ), रिवाइवल आफ रेजिस्टेंस रेजिस्टेंस के साथ-साथ (लश्कर-ए-तैयबा से संबद्ध) द रेजिस्टेंस फ्रंट ने शुरू में सोशल मीडिया के माध्यम से हमले की जिम्मेदारी ली थी, हालांकि बाद में इन्होंने अपना बयान वापस ले लिया।

अटैक में नौ लोगों की चली गई थी जान

आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पोनी क्षेत्र के तेरयाथ गांव के पास बस पर गोलीबारी की थी। फायरिंग की वजह से बस खाई में गिर गई और नौ लोगों की मौत हो गई। हमले में 41 अन्य घायल हो गए जिनका इलाज जारी है। अधिकारी ने कहा कि इस घटना ने क्षेत्र में आतंकवाद और नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं फिर से बढ़ चुकी हैं। भविष्य में इस तरह के जघन्य कृत्य न हों, इसके लिए सुरक्षा उपायों व सतर्कता बढ़ाने की तत्काल जरूरत है।

विधायक दल के नेता चुने गए चंद्रबाबू नायडू आज लेंगे शपथ

AMARAVATI : केंद्र में सरकार गठन के बाद एनडीए ने तमिलनाडु में

सरकार गठन की तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में तेलगु देशम पार्टी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू को मंगलवार को आंध्र प्रदेश विधानसभा में एनडीए का विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। विजयवाड़ा में तेलुगु देशम पार्टी, जनसेना और भारतीय जनता पार्टी विधायकों की बैठक में सर्वसम्मति से चंद्रबाबू नायडू को एनडीए का नेता चुना गया। जनसेना प्रमुख पवन कल्याण ने एनडीए के नेता के रूप में चंद्रबाबू नायडू के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष डी पुरंदेश्वरी ने भी समर्थन किया। अचेन नायडू ने बताया कि इससे पहले सुबह नायडू को सर्वसम्मति से टीडीपी विधायक दल का नेता चुना गया।

दो उपमुख्यमंत्री भी होंगे, शपथग्रहण आज

ओडिशा के नए सीएम होंगे मोहन चरण माझी

AGENCY BHUBANESWAR : भाजपा नेता मोहन चरण माझी ओडिशा के नए मुख्यमंत्री होंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को यहां इस बारे में घोषणा की। मोहन बुधवार को सीएम पद की शपथ लेंगे। उन्होंने कहा कि केवी सिंह देव और प्रभाती परिदा को राज्य का उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा। ये निर्णय भाजपा विधायक दल की बैठक में लिए गए, जिसमें सिंह और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुए थे। सिंह ने संवाददाताओं से कहा, मोहन माझी को विधायक दल ने सर्वसम्मति से नेता चुना है। मोहन चरण माझी (52) ने क्योंझर

विधानसभा क्षेत्र से बीजद की मीना माझी को 11,577 मतों से हराया। वह पिछली सरकार में भाजपा के मुख्य सचेतक थे। वह चौथी बार विधानसभा चुनाव जीते हैं। उपमुख्यमंत्री बनाए गए केवी सिंहदेव ने पटनागढ़ से बीजद के सरोज कुमार मेहेर को 1357 मतों से हराया।

BRIEF NEWS

सांसद से मिले चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी

HAZARIBAGH : चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल की अध्यक्षता में पदाधिकारियों ने मंगलवार को नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल से उनके झंडा चौक स्थित सेवा कार्यालय में मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने सांसद से अनुरोध किया कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में व्यापारियों के हित में भी कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि आए दिन व्यापारियों के ऊपर विभिन्न प्रकार के आरोप लगाते हुए उनसे दुर्व्यवहार किया जाता है। सांसद ने आश्वासन दिया कि वे व्यापारियों के साथ सदैव खड़े हैं। इस मौके पर चेंबर के सचिव राकेश ठाकुर, उपाध्यक्ष सुबोध कुमार अग्रवाल, नीरज अग्रवाल समेत फेडरेशन के कई अन्य साथी मौजूद थे।

चार किलो गांजा व देसी कट्टा के साथ दो गिरफ्तार

PALAMU : चार किलो गांजा एवं अवैध देसी कट्टा के साथ नशे के सौदागर दो भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों भाई जिले के पांकी थाना क्षेत्र के भुइयां कुरहा स्थित सिंचाई विभाग के पुराने जर्जर भवन के समीप अवैध मादक पदार्थ की बड़े पैमाने पर खरीद बिक्री करने वाले थे। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने मंगलवार को कार्रवाई की और खरीद बिक्री के व्यापार में लगे दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान प्रभाकर पांडे उर्फ बिट्टू (20) एवं सीपू पांडे (30) दोनों के पिता बसंत पांडे ग्राम नौडीहा बहेरा पिपराटांड़ के रूप में हुई। दोनों शातिर नशे के सौदागर हैं और लंबे समय से मादक पदार्थों की खरीद बिक्री में लगे हुए थे। कार्रवाई टीम का नेतृत्व लेस्लीगंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने किया। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर दोनों आरोपित भाइयों को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभाकर पांडे उर्फ बिट्टू पिछले वर्ष 2023 के अगस्त महीने में गिरफ्तारी के पश्चात पांकी थाना से फरार हो गया था।

पार्किंग शुल्क को लेकर चालकों ने लगाई गुहार

HAZARIBAGH : जिले के सबसे बड़े शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में लिए जा रहे पार्किंग शुल्क से परेशान प्राइवेट एंबुलेंस चालक मंगलवार को भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के कार्यालय पहुंचे तथा न्याय की गुहार लगाई। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि एंबुलेंस सेवा जरूरी सेवाओं में आता है, जिसके कारण एंबुलेंस का सड़क पर लगने वाला टोल टैक्स भी नहीं लिया जाता है लेकिन जिले के सबसे बड़े अस्पताल में प्राइवेट एंबुलेंस चालकों से पार्किंग शुल्क लिया जा रहा है। विरोध करने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया जाता है। प्रसाद ने चालकों को भरोसा दिलाया कि इस बाबत वे नगर आयुक्त एवं डीसी से भी मुलाकात करेंगे। यदि फिर भी उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो उनकी समस्याओं को लेकर आंदोलन भी किया जाएगा। इस मौके पर एंबुलेंस संघ के पवन मिश्रा, सुनील पांडे, जितेंद्र साहू, अरविंद कुमार, निरंजन साव, छोटन साव, सिकेन्द्र प्रजापति आदि मौजूद थे।

साहिबगंज में शादी की खुशियां मातम में बदलीं, 20 लोग घायल

बारात वापस लौटने के दौरान पलटा ऑटो, एक की गई जान

PHOTON NEWS SAHIBGUNJ : साहिबगंज जिला के रांगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ढिबरी कोल के पास मंगलवार की सुबह शादी समारोह के बाद बारात वापस लौट रही थी। इसी दौरान टेंपो पलट गया जिससे करीब 20 बाराती घायल हो गए। वहीं 4 वर्षीय एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई।

कैसे हुई दुर्घटना : जानकारी के अनुसार रांगा थाना क्षेत्र के चमड़ा पहाड़ में पहाड़िया समुदाय के एक लड़की की शादी थी। बारात तालझारी प्रखंड के महाराजपुर कलदी भिट्ठा पहाड़ से रविवार को 4 टेम्पू से आई थी। शादी संपन्न होने के बाद सभी बाराती टेम्पू से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान ढिबरी कोल व झूमरबाद के बीच पहाड़ी ढलान पर 1 टेंपो चालक ने गाड़ी से अपना नियंत्रण खो दिया और टेंपो पलट गया उक्त दुर्घटना में टेंपो में सवार सभी बाराती घायल हो गए। घायलों की संख्या 20 बताई जा रही है। इस दुर्घटना की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने नजदीकी अस्पताल और 108 पर फोन कर दी। ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस बुलाया गया और घायलों को सीएचसी बरहरवा पहुंचाया गया। बरहरवा में सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। इधर मामले की जानकारी मिलने के बाद रंगा थाना प्रभारी अरुण कुमार घटनास्थल पहुंचे और घायलों की मदद की। सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलते ही सीएचसी प्रभारी डॉक्टर पी के संथालिया, डॉ सरिता टुडू व सभी स्वास्थ्य कर्मी तैयार हो गए। वहीं सीएससी परिसर में स्थित तीनों एंबुलेंस को घायलों को लाने के लिए भेज दिया गया। जैसे ही घायल अस्पताल पहुंचे सभी स्वास्थ्य कर्मी इलाज करने लगे। जानकारी के अनुसार करीब 1 दर्जन लोगों के सर पर गंभीर चोटें हैं। वहीं कई लोगों के हाथ-पैर में चोट लगी है। सभी का प्राथमिक उपचार किया गया है। बेहतर इलाज के लिए गंभीर मरीजों को बाहर रेफर किया जा रहा है।

दुर्घटना में घायल लोग। • फोटोन न्यूज

घायल बारातियों के नाम

इस दुर्घटना में तालझारी प्रखंड के महाराजपुर कलदी भिट्ठा निवासी रिंकू पहाड़िन (12) पिता मंगला पहाड़िया, गुवा पहाड़िन (50)पति कुधु पहाड़िया, महेशा पहाड़िया (35) पिता स्व सुरजा पहाड़िया, मंगला पहाड़िया (18)पिता श्याम लाल पहाड़िया, विजय पहाड़िया (11) पिता गंगाराम पहाड़िया, मरकुश पहाड़िया (18) मधु पहाड़िया, सुशील पहाड़िया (22) पिता रमेश पहाड़िया, मारगि पहाड़िन (21)लजार पहाड़िया, मूसा पहाड़िया (18) पिता स्व लंबा बोम्बे, पुसनी पहाड़िन (14) पिता जारा पहाड़िया, टिंकू पहाड़िया (19)पिता गुरुदेव पहाड़िया, नीलू पहाड़िया (17) पति अशोक पहाड़िया, सोमरा पहाड़िया (15)पिता सुकुमार पहाड़िया, चांदु पहाड़िया (15) स्व टोटा सुरमा, सुशील पहाड़िया (17)महेश पहाड़िया, संगीता पहाड़िन (13) सुलेमान पहाड़िया, राहिला पहाड़िन (5) महेश पहाड़िया, देवी पहाड़िन (35) महेश पहाड़िया व मरियम पहाड़िन (9) बबलू पहाड़िया घायल हो गए हैं।

चकाई-देवघर मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, कार सवार तीन लोगों की मौत

DEOGHAR : चकाई-देवघर मुख्य मार्ग पर चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के अंडीडीह गांव के समीप मंगलवार की अहले सुबह एक अनियंत्रित कार के सड़क किनारे पलट जाने से उसपर सवार सभी तीन लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। सभी मृतक पटना के गर्दनीबाग मुहल्ले के निवासी बताए जाते हैं।वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद चंद्रमंडीह पुलिस मौके पर पहुंची एवं तीनों को कार से बाहर निकालकर चकाई रेफरल अस्पताल लेकर आई, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। इधर, पुलिस द्वारा घटना की जानकारी मोबाइल के माध्यम से परिजनों को दी गई है। परिजन पटना से चकाई के लिए निकल पड़े हैं। परिजनों के पहुंचने के बाद ही मृतकों के संबंध में विस्तृत जानकारी मिल पाएगी।

शंख पुलिस पिकेट में लगी आग, दर्जनों वाहन जले

आग बुझाते दमकलकर्मी। • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS LOHARDAGA : शहर की शंख पुलिस पिकेट में मंगलवार को लगभग ग्यारह बजे भयंकर आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पुलिस पिकेट परिसर में रखे छोटे-बड़े वाहन जलकर राख हो गए। अग्निशमन के तीन वाहनों ने घंटों मशक्कत के बाद आग बुझाया। सीडीपीओ श्रद्धा केर-केट्टा ने बताया कि मंगलवार को शंख पुलिस विकेट परिसर में आग लग गई। इस घटना में 40 मोटरसाइकिल, 4 टेम्पो, 4 कार जल गए। उन्होंने बताया कि अत्यधिक गर्मी की वजह से सुखी घास में आग लग गई। इस आग की जद में वहां खड़े वाहन भी आ गए। जब तक पुलिस और अग्निशमन विभाग की गाड़ी वहां पहुंचती तब तक सभी वाहन जल चुके थे। पुलिस अधीक्षक ने घटना की जांच की जिम्मेदारी एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा को दी है।

विधायक आवास के पास से स्कॉर्पियो की चोरी

KODERMA : कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत गिरिडीह रोड स्थित विधायक डॉ. नीरा यादव के आवास के समीप से सोमवार की रात एक स्कॉर्पियो की चोरी कर ली गई। स्कॉर्पियो के मालिक जलवाबाद निवासी मोहम्मद शाहबाज आलम ने मंगलवार को थाने में चोरी का आवेदन दिया है।पीड़ित ने कहा है कि सोमवार को उनका ड्राइवर बंटी कुमार पासवान उनके स्कॉर्पियो संख्या (जेएच 12 एल 5248) को अपने घर के बाहर खड़ी कर रात्रि विश्राम कर रहा था। इसी दौरान रात करीब दो बजे स्कॉर्पियो की चोरी कर ली गई। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी मिलने पर जब जीपीएस से लोकेशन ट्रैक किया तो बरही तक स्कॉर्पियो का लोकेशन मिला। यहां अपराधियों ने गाड़ी से जीपीएस को खोल कर फेंक दिया। रात के करीब दो बजे बरही टोल प्लाजा से स्कॉर्पियो के गुजरने की रिकॉर्डिंग सीसीटीवी में कैद हुई है। फिलहाल कोडरमा पुलिस वारदात की जांच-पड़ताल कर रही है।

फुटबॉल पावर नेशनल चैंपियनशिप बालक-बालिका वर्ग में झारखंड अव्वल

PHOTON NEWS KHUNTI : उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सात से 10 जून तक आयोजित प्रथम फुटबॉल पावर नेशनल चैंपियनशिप (अंडर 14-17 बालक एवं बालिका) दोनों वर्गों में झारखंड की टीम चैंपियन बनी। झारखंड 14 बालक टीम ने सभी लीग मैच जीत कर सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश को 5-0 से हराया। टीम ने फाइनल में पश्चिम बंगाल को 3-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। फुटबॉल पावर एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सचिव शिव कुमार महतो के मुताबिक, 14 बालिका वर्ग में टीम ने सभी लीग मैच जीतकर सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश को 2-0 तथा फाइनल में उत्तर प्रदेश को 1-0 से परास्त कर चैंपियन बनी। 17 बालक वर्ग में टीम ने अपने सभी लीग मैच जीतने के बाद सेमीफाइनल में दिल्ली को 3-1 से हराया और फाइनल में पश्चिम बंगाल को 2-1 मात देकर चैंपियन बनी। 17 बालिका वर्ग में भी टीम ने अपनी सभी लीग मैच जितने के बाद सेमीफाइनल में बिहार को 3-1 से हराकर फाइनल प्रवेश किया और अंत में मध्य प्रदेश को 6-0 से परास्त कर टीम चैंपियन बनी। 14 बालक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का खिताब अंशु उरांव को मिला। बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ गोल स्ट्राइकर रीता कुमारी को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

विजेता टीम के साथ अधिकारी व अन्य। • फोटोन न्यूज

चमेली झरना में डूबे युवक का छठे दिन मिला शव

HAZARIBAGH : जैन मंदिर के समीप निवासी जीसन अब्बास का शव मंगलवार छठे दिन एनडीआरएफ की मदद से बाहर निकाला गया। युवक गत गुरुवार को इचाक के चमेली झरना नहाने गया था। इसी दौरान जीसान गहरे पानी में चला गया, जिससे उसकी मौत पानी में डूबने से हो गई।बताया जाता है कि जीसन अपने चार पांच साथियों के साथ रील बनाने के उद्देश्य से आया हुआ था। रील बनाकर नहाने के लिए पानी में उतरा,गहरे गढ़े में जाने के बाद उसका अता पता नहीं चल पाया। काफी मशक्कत के बाद मंगलवार सुबह शव को निकाला गया। इधर जीसान के शव पानी से बाहर निकलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस शव को अंत्यपरीक्षण के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

मेदिनीनगर निगम क्षेत्र में 100 अतिरिक्त टैंकरों से होगी जलापूर्ति

PHOTON NEWS PALAMU : मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में पेयजल किल्लत पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि 100 अतिरिक्त टैंकरों से इस वर्ष भी जलापूर्ति शुरू करायी जायेगी। पिछले वर्ष भी इसी तरह की व्यवस्था देने पर लोगों को राहत मिली थी। सुदना, आबादगंज और निमियां इलाके से महिलाओं ने पेयजल को लेकर उन्हें फोन किया था। एक दिन गैप करके टैंकर से पानी दिया जा रहा है। ऐसी स्थिति में टैंकर से अतिरिक्त जलापूर्ति बढ़ाने की कोशिश की जायेगी। नगर आयुक्त से मिलकर बात की जाएगी। त्रिपाठी मंगलवार को परिसदन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पूर्व मंत्री ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में 24 हजार घरों को पानी देने के लिए जलापूर्ति योजना के तहत चार वॉटर टैंक और एक वाटर ट्रीटमेंट प्लान बनाने की योजना है लेकिन ड्राई जोन एरिया आबादगंज और निमियां में दो वाटर टैंक की आवश्यकता है। इन इलाकों में वॉटर टैंक नहीं बनाने की योजना है लेकिन एक्सटेंशन करके यहां भी वॉटर टैंक बनाने के लिए सरकार पर दबाव बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति योजना के लिए कोयल नदी में पानी रहना जरूरी है। इसके लिए कोयल में बराज की स्वीकृति दिलाने के लिए मुख्यमंत्री से मुलाकात की जायेगी। इस मौके पर कई पूर्व वार्ड पार्षद, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

बैठक में शामिल पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी व अन्य। • फोटोन न्यूज

हजारीबाग में पार्किंग जोन पर बिफरा दुकानदार संघ

पार्किंग जोन का विरोध करते दुकानदार संघ के सदस्य। • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS HAZARIBAGH : फुटपाथ दुकानदारों ने विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर गुरुगोविंद सिंह पार्क में मंगलवार को बैठक की। बैठक की अध्यक्षता राजेश कुमार गुप्ता ने किया। बैठक में निर्णय हुआ कि यदि नगर निगम ने जहां-तहां पार्किंग को कहीं एक जगह नहीं किया तो गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस मौके पर राजेश कुमार गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, रविंद्र महतो, विजय गुप्ता, कुंती देवी, प्रदीप प्रसाद, समीम भाई, जय मंगल पांडेय, मो.खालिद, शंकर ठाकुर, मो. आदिल, मो. खलील सहित अन्य मौजूद थे।

कोडरमा में राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर हुआ विचार-विमर्श

PHOTON NEWS KODERMA : 13 जुलाई को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रकोष्ठ में न्यायिक पदाधिकारियों के साथ एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बाल कृष्ण तिवारी ने की। प्रधान जिला जज ने उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन की दिशा में आवश्यक पहल करने की अपील की। साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन योग्य मामलों को चिन्हित कर सम्बंधित पक्षकारों को नोटिस निर्गत करने की अपील की। इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अमितेष लाल, जिला जज प्रथम गुलाम हैदर, जिला जज द्वितीय अजय कुमार सिंह, जिला जज तृतीय संजय कुमार चौधरी, जिला जज चतुर्थ राकेश चंद्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी कंचन टोप्पो, न्यायाधीश प्रभारी शिवांगी प्रिया, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी ज्योत्सना पाण्डेय, मुंसिफ मिथिलेश कुमार मौजूद रहे।

लोक अदालत को लेकर बैठक करते अधिकारी व अन्य। • फोटोन न्यूज

अन्नपूर्णा देवी ने कैबिनेट मंत्री का संभाला पदभार

PHOTON NEWS RANCHI : कोडरमा से बीजेपी सांसद अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को कैबिनेट मंत्री का पदभार संभाला। उन्हें महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की जिम्मेवारी मिली है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की आकांक्षा के अनुरूप देश महिला विकास के स्थान पर वीमेन लेड डेवलेपमेंट की उपलब्धि प्राप्त करें। सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सेवा यात्रा का एक निर्णायक मोड़, एक नई शुरूआत। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में कार्यभार संभालते हुए उत्साह व गौरव की अनुभूति कर रही हूं। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को पूरा करने की दिशा में काम करेंगी।

बीस सूत्री के उपाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कारो नदी का किया औचक निरीक्षण

जलापूर्ति योजना का लिया जायजा

PHOTON NEWS KHUNTI : तोरपा शहरी इलाके में विगत 25 दिनों से जलापूर्ति ठप होने की सूचना पर खूंटी जिला बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष और झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद मंगलवार को तोरपा पहुंचे। उन्होंने कारो नदी जाकर इंटेक वेल तथा जलापूर्ति योजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने जलापूर्ति ठप होने की जानकारी उपायुक्त को दी तथा समस्या का निदान कर जल्द जलापूर्ति शुरू कराने का अनुरोध किया। उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों से बात कर जलापूर्ति ठप होने के कारणों की जानकारी ली। विभाग के कनीय अभियंता रावेल होरो ने बताया कि कारो नदी का जलस्तर कम हो जाने के कारण जलापूर्ति ठप्प हो गयी है। नदी पर बांध बनाकर इस समस्या का समाधान किया जायेगा। जुबैर अहमद ने कनीय अभियंता को बांध बनाने का काम तत्काल शुरू करने को कहा। उन्होंने कहा कि गर्मी में जलापूर्ति ठप हो जाने से लोगों को परेशानी हो रही है। कनीय अभियंता ने कहा कि बुधवार को बांध बनाने का काम शुरू किया जायेगा। जुबैर अहमद ने कहा कि दो दिनों में कार्रवाई नहीं हुई तो वे कारो नदी के समीप ही धरने पर बैठ जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि तोरपा में 25 दिनों से जलापूर्ति ठप है। नदी का जलस्तर नीचे चले जाने से इंटेक वेल में पानी नहीं पहुंच रहा है। जलस्तर नीचे जाने से इंटेक में लगी चैनल पाइप नदी की सतह के ऊपर आ गयी है। इंटेक वेल में पानी जमा नहीं हो पा रहा है। इसके कारण जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। जलापूर्ति ठप होने से तीन हजार लोग पेयजल से वंचित हैं। इस मौके पर झामुमो नेता प्रदीप केशरी, सुहैल खान, मोजीर अंसारी, पम्प ऑपरेटर कृष्णा नायक आदि उपस्थित थे।

कारो नदी का निरीक्षण करते बीस सूत्री के उपाध्यक्ष व अन्य। • फोटोन न्यूज

नाबालिग को भगाकर ले जाने के दोषी को पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा

KODERMA : नाबालिग लड़की को भगाने के एक मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने मंगलवार को दोषी आशीष कुमार उर्फ आशीष कुमार दास (20) को 363 आईपीसी के तहत पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 30 हजार रुपये जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। यह मामला वर्ष 2023 का है। लड़की के मां के आवेदन पर नवलशाही थाना कांड संख्या 211/ 23 दर्ज किया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 7 गवाहों का परीक्षण कराया गया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता उदय शंकर प्रसाद ने दलीलें पेश की।

जन वितरण प्रणाली विक्रेता पर अनाज गबन की प्राथमिकी दर्ज

PHOTON NEWS PALAMU : जिला आपूर्ति पदाधिकारी के आदेश पर जिले के हुसैनाबाद के प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार पासवान ने मंगलवार को जन वितरण प्रणाली विक्रेता-वैभव आजीविका सखी मण्डल, ग्राम टिकरपर, महुअरी के विरुद्ध हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने थाना को दिए आवेदन में कहा है कि वैभव आजीविका सखी मंडल की अध्यक्ष जयमाला देवी द्वारा माह दिसम्बर 2023 से माह मार्च 2024 तक कार्डधारियों की शिकायत के अनुसार अंगूठा लगाकर लगभग 50 से 60 कार्डधारियों के बीच लगभग 41.20 (एकतालीस क्विंटल बीस किग्रा) खाद्यान्न वितरण नहीं करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जन वितरण प्रणाली विक्रेता वैभव आजीविका सखी मण्डल के अध्यक्ष जयमाला देवी, ग्राम टिकरपर, महुअरी को माह मार्च में कार्डधारियों की लिखित शिकायत के बाद स्थलीय जाँच की गयी थी। जांच के क्रम में जन वितरण प्रणाली विक्रेता वैभव आजीविका सखी मण्डल के अध्यक्ष के द्वारा राशन वितरण में अनियमितता को लेकर प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी के ज्ञापांक- 84/ दिनांक-

21.03.2024 के द्वारा निलंबन करने हेतु अनुशंसा की गई थी। फलस्वरूप जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पलामू के ज्ञापांक-295/आ०, दिनांक 21.03.2024 के द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए शेष बकाया खाद्यान्न वितरण करते हुए एक सप्ताह के अन्दर स्पष्टीकरण मांगा गया था। लेकिन जन वितण प्रणाली विक्रेता के द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। उसके बाद प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, हुसैनाबाद के ज्ञापांक-90/दिनांक- 10.04.2024 के द्वारा स्पष्टीकरण पूछा गया कि शेष बकाया राशन कार्डधारियों के बीच वितरण करते हुए 24 घंटे के अन्दर स्पष्टीकरण का जवाब देने का निर्देश दिया गया।

Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Wednesday, 12 June 2024

BRIEF NEWS

गैंगस्टर अमन के करीबी आकाश की बेल याचिका एनआईए कोर्ट ने की खारिज

RANCHI : मंगलवार को गैंगस्टर अमन साहू गैंग के आकाश रॉय मोनू की याचिका को एनआईए कोर्ट ने खारिज कर दिया। आकाश की ओर से वकील दीपक कुमार ने कोर्ट को ये बताते हुए जमानत मांगी थी की वो निर्दोष है और उसे झूठे मुकदमा मे फंसा के पिछले 3 साल से जेल मे रखा गया है। दूसरी और एनआईए के वकील ने कोर्ट को बताया की एजेंसी के जांच मे यह पाया गया है कि आकाश एक हार्डकोर अपराधी है और डॉन अमन का बेहद करीबी है। दोनों पक्षों की डालूनी सुनने के बाद कोर्ट में जमानत याचिका खारिज कर दी। आकाश रॉय मोनू फिलहाल सिमडेगा मंडल कारा मे बंद है।

हनुमान चालीसा आरती प्रतियोगिता 16 जून को

RANCHI : सनातनी धर्म और संस्कृति शिक्षा देने के उद्देश्य से हिंदू सहायक मंच की ओर से सनातन बच्चों के बीच गायत्री मंत्र, हनुमान चालीसा का पाठ और हनुमानजी की आरती प्रतियोगिता की जाएगी। यह आयोजन रातू रोड स्थित श्रीराम मंदिर चौक के श्री श्री 107 राम जानकी पंच देवता मंदिर में 16 जून को आयोजित की जाएगी । मंदिर के शंकर प्रसाद ने मंगलवार को बताया कि 6 से 13 वर्ष के बच्चे इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। सभी को पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र दिया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में राजेश अग्रवाल, अजय राजगढ़िया, अजीत तिवारी सहित अन्य लोग लगे हुए है।

डॉ. सोनी यूजीसी-एमएमटीसी की उप-निदेशक बनीं

RANCHI : रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर जूलॉजी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ सोनी कुमारी तिवारी को रांची विश्वविद्यालय के यूजीसी-मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर (एमएमटीसी), का उपनिदेशक नियुक्त किया गया है, यह जिम्मेदारी उन्हें अपने कार्य के साथ दी गई है, जो तत्काल प्रभाव से लागू है। इस संबंध अधिसूचना विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से मंगलवार को जारी कर दिया गया। कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा और एमएमटीसी के निदेशक डॉ सुदेश कुमार साहू ने डॉ सोनी को इस नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं और बधाई दीं।

डीपीएस में 11वीं के विद्यार्थियों का स्वागत

RANCHI : डीपीएस, रांची में 11वीं कक्षा के नए छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। विवेकानंद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ राम सिंह ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का स्वागत करते हुए स्कूल के नियम और उपलब्धियों की जानकारी दी। कहा कि हर विद्यार्थी खुद में अगल क्षमता रखता है। छात्र मेहनत करने के लिए तैयार रहें और शिक्षकों के मार्गदर्शन को आत्मसात करें, सफलता मिलनी तय है।

श्री राम शर्मा की क्रिमिनल अपील पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा-

उकसावे पर अचानक की गई गैर इरादतन हत्या, मर्डर नहीं

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड हाईकोर्ट ने हाल ही में दिये अपने एक फैसले में कहा है कि अचानक झगड़े के बाद आवेश में आकर और बिना किसी पूर्व योजना के की गयी हत्या को हत्या नहीं माना जायेगा।

यह फैसला हाईकोर्ट ने श्री राम शर्मा की क्रिमिनल अपील पर सुनवाई के बाद दिया है। श्री राम शर्मा को देवघर सिविल कोर्ट ने 4 फरवरी 2017 को हत्या के जुर्म में दोषी करार देते हुए दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी थी। साथ ही 10 हजार का जुमार्ना भरने का भी आदेश दिया था। श्री राम शर्मा ने देवघर सिविल कोर्ट के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। श्री राम शर्मा की क्रिमिनल अपील पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस सुभाष चांद की खंडपीठ में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि यदि गैर इरादतन हत्या अचानक झगड़े के बाद जोश में बिना किसी पूर्व योजना के की गयी हो और अपराधी कोई अनुचित लाभ ना उठाये या क्रूर तरीके से काम ना करे, तो उक्त मृत्यु आईपीसी के सेक्शन 300 के अंतर्गत नहीं आयेगी। अपीलकर्ता द्वारा मृतक की हत्या करने का कोई इरादा नहीं था, अचानक झगड़ा हुआ और आवेश में आकर और बिना किसी पूर्व विचार के मृतक के सिर पर हथौड़े से वार किया गया। चश्मदीद गवाह के साक्ष्य और मेडिकल साक्ष्य से भी पता चलता है कि मृतक के सिर पर केवल एक वार किया गया था। इससे यह भी पता चलता है कि हत्या करने की कोई पूर्व योजना या इरादा नहीं था। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट रूप से कहा कि अपीलकर्ता पहले से ही दस साल से अधिक समय से हिरासत में था और सजा काट चुका था। इसलिए अदालत ने निर्देश दिया कि अपीलकर्ता को हिरासत से तुरंत रिहा किया जाये।

अमित शाह पर राहुल गांधी की आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई छह को

RANCHI : भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह पर कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में मंगलवार को रांची स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की कोर्ट ने राहुल गांधी की उपस्थिति के लिए पूर्व में समन जारी किया था, जिसका तामिला प्रतिवेदन अभिलेख में संलग्न नहीं होने के कारण सुनवाई की अगली तिथि छह जुलाई निर्धारित की है। इससे पूर्व कोर्ट ने राहुल गांधी को समन जारी कर कोर्ट में उपस्थित होने को कहा था लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए। राहुल गांधी ने पूर्व में एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा जारी समन को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसे हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी को फिर से समन जारी किया था। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता नवीन झा के अधिवक्ता बिनोद कुमार साहू ने पैरवी की। यह जानकारी अधिवक्ता विनोद कुमार साहू ने दी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में मामले में शिकायतवाद दर्ज होने के बाद रांची सिविल कोर्ट ने पहली बार राहुल गांधी को समन जारी किया था। यह शिकायतवाद भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने दायर किया है, जिसमें कहा गया है कि कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में आयोजित अधिवेशन में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। नवीन झा के मुताबिक, इस दौरान राहुल ने कहा था कि भाजपा में एक हत्यारा अध्यक्ष बन सकता है लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं हो सकता। इस बयान से उन्हें ठेस पहुंची है। पार्टी की छवि खराब हुई है।

बर्थडे पार्टी में पहुंचे युवक की गोली मारकर हत्या

- राहे ओपी के लोहाहातु दुलमी की घटना
- हत्या का आरोपी बंगाल से किया गया गिरफ्तार

PHOTON NEWS RANCHI : राहे ओपी क्षेत्र के लोहाहातु दुलमी में जन्मदिन की पार्टी में सोमवार रात पहुंचे अर्जुन महतो की गोली मारकर हत्या कर दी गई। रांची पुलिस ने हत्या के आरोपित को बंगाल से गिरफ्तार कर लिया है। बुंडू एसडीपीओ रतीभान सिंह ने बताया कि अर्जुन महतो रात में अपने बड़े साढ़ू झरिया महतो के राहे स्थित लोहाहातु दुलमी में जन्मदिन के पार्टी में गया था। लेकिन देर होने की वजह से रात में वहीं रूक गया। इसी बीच अर्जुन महतो का छोटा साढ़ू समीर कोईरी बाउंड्री क्रॉस कर वहां पहुंचा और उसने गोली मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद वह मौके से फरार हो गया। घटना के बाद अर्जुन महतो को रांची स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अर्जुन पेशे से सब्जी कारोबारी था। वह अपने परिवार के साथ ताऊ में सब्जी का कारोबार करता था।

घर से चोरी कर भाग रहे दो आरोपी गिरफ्तार

RANCHI : काली मंदिर रोड में घर से सामान चोरी करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया। नवीन अग्रवाल ने आरोपी चंदन राम और विष्णु राम पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया कि घर में सोमवार शाम दो चोर घुस आए। किचन से गैस सिलेंडर और मिक्सर जूसर लेकर भागने लगे। तभी परिजनों ने दोनों को दबोच लिया। पिटाई के बाद लालपुर पुलिस के हवाले कर दिया।

विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले की सुनवाई 19 जून को

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड हाई कोर्ट ने विधानसभा नियुक्ति गड़बड़ी मामले में राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट एवं एसजे मुखोपाध्याय आयोग की रिपोर्ट शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में प्रस्तुत करे। पूर्व में सरकार की ओर से दोनों रिपोर्ट सीलबंद प्रस्तुत की गई थी। चूंकि, विधानसभा के पटल पर एसजे मुखोपाध्याय आयोग की ही रिपोर्ट केवल प्रस्तुत की गई थी। इसलिए सरकार की ओर से एसजे मुखोपाध्याय आयोग की रिपोर्ट शपथ पत्र के माध्यम से प्रस्तुत की गई। महाधिवक्ता राजीव रंजन कोर्ट ने मंगलवार को मामले की सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पक्ष रखा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 जून निर्धारित की है। झारखंड

विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा ने जनहित याचिका दाखिल की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार और झारखंड विधानसभा से पूछा था कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट में क्या त्रुटियां थी, जिसके कारण दूसरी आयोग बनानी पड़ी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी, जिसने मामले की

41 अभ्यर्थियों के लिए अलग से लें परीक्षा

झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को होने वाली सहायक आचार्य परीक्षा में शामिल होने के लिए दायर अमृता कुमारी और 41 अन्य अभ्यर्थियों की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान खररउ के अध्यक्ष प्रशांत कुमार अदालत के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हुए। हाईकोर्ट ने उन्हें यह निर्देश दिया है कि हाईकोर्ट में जिन 41 अभ्यर्थियों ने याचिका दाखिल की है, उनके लिए अलग से परीक्षा ली जाएगी। इसके लिए अदालत ने खररउ को 4 सप्ताह का समय दिया है। वहीं अदालत ने स्पष्ट किया कि इस याचिका का जो भी अंतिम निष्कर्ष निकलेगा, उससे उनकी नियुक्ति प्रभावित होगी। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एसएन पाठक की बेंच में हुई।

गम्हरिया के तत्कालीन सीओ गिरेंद्र टूटी सस्पेंड

RANCHI : झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी गिरेंद्र टूटी के खिलाफ राज्य सरकार ने एक्शन लिया है और उन्हें निलंबित कर दिया है। कार्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में कार्रवाई करते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। इस बाबत कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है। गिरेंद्र टूटी (जेएएस) सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया में सीओ (अंचल अधिकारी) के रूप में नियुक्त थे। उसी दौरान कार्यों में लापरवाही बरतने के मामले में उनके खिलाफ राज्य सरकार ने कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया। अभी वे कोडरमा में अंचलाधिकारी के रूप में कार्य कर रहे थे। निलंबन अवधि में गिरेंद्र टूटी का मुख्यालय दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त का कार्यालय (रांची) निर्धारित किया गया है।

अमन-बिश्नोई गैंग से जुड़े सुनील के खिलाफ रेड नोटिस होगा जारी

PHOTON NEWS RANCHI : अमन साहू और लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा सुनील मीणा के खिलाफ रेड नोटिस जारी होगा। इसकी प्रकिया शुरू हो गयी है। झारखंड पुलिस के मुताबिक, मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा साल 2022 से मलेशिया में रह रहा है। वह अमन साहू गिरोह में दूसरा स्थान रखता है। पिछले डेढ़ साल के दौरान झारखंड पुलिस ने अमन साहू गिरोह से जुड़े 33 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इन अपराधियों के पास से दो कार्बाइन, 17 पिस्टल और 109 राउंड गोली भी बरामद की गयी है।

लॉरेंस बिश्नोई गैंग के विश्वस्त लोगों में रह चुका है सुनील मीणा : झारखंड पुलिस के लिए मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा चुनौती बना हुआ है। सुनील मीणा मूल रूप से राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के घडसाना के नयी मंडी का रहने वाला है। सुनील लॉरेंस बिश्नोई गैंग के विश्वस्त लोगों में रह चुका है। वर्क वीजा पर भारत से मलेशिया गया सुनील कुआलालमपुर में रहने के दौरान लॉरेंस बिश्नोई गैंग के रोहित गोदारा, गोल्डी बरार और संपत नेहरा के जरिये लॉरेंस के संपर्क में आया। इसके बाद मलेशिया से ही अपराध की दुनिया में अपनी जड़े जमाने लगा। वह लॉरेंस बिश्नोई के इशारे पर राजस्थान और पंजाब के कई जिलों में हत्या, रंगदारी वसूली, फायरिंग जैसे घटनाओं को अंजाम दिया।

विधायक से रंगदारी मांगकर आया था चर्चा में

सुनील मीणा राजस्थान के तत्कालीन राहत एवं आपदा प्रबंधन मंत्री व कांग्रेस विधायक गोविंद राम मेघवाल से रंगदारी मांगकर सबसे पहले चर्चा में आया था. लॉरेंस के इशारे पर ही सुनील मीणा ने राजस्थान के एक पेट्रोल पंप संचालक से पांच करोड़ की रंगदारी मांगी थी. रंगदारी देने से इनकार करने पर सुनील मीणा ने ही पेट्रोल पंप संचालक पर फायरिंग करवायी थी.

कल्पना सोरेन से मिले कैबिनेट मंत्री दीपक बिरुआ

विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात करते मंत्री व अन्य।

PHOTON NEWS RANCHI : पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से रांची के कांके रोड स्थित आवास पर मंगलवार को झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री दीपक बिरुआ ने शिष्टाचार मुलाकात की। इनके अलावा कल्पना सोरेन से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबोध कांत सहाय, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने भी शिष्टाचार मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि कल्पना सोरेन ने गत सोमवार को झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली थी।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने मल्लिकार्जुन खड़गे से की मुलाकात

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत वरीय नेताओं ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें झारखंड लोकसभा चुनाव के रिजल्ट समेत वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों से अवगत कराया। 12 जून को लोकसभा चुनाव में जीत-हार की समीक्षा बैठक की भी जानकारी दी। इसके साथ ही उन्हें बताया गया कि पार्टी अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गयी है, ताकि बेहतर प्रदर्शन किया जा सके। झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मल्लिकार्जुन खरगे को लोकसभा चुनाव के संदर्भ में प्रत्येक सीट की परिस्थितियों से अवगत कराते हुए पूरी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहले के मुकाबले हमने चुनाव में अच्छा संघर्ष किया, लेकिन आशातीत सफलता नहीं मिल

खड़गे से मुलाकात करते कांग्रेस नेता।

पायी। हम जीत और हार के कारणों की विस्तृत समीक्षा करेंगे और इसके लिए समीक्षात्मक बैठक 12 जून को बुलाई गई है। इसमें हारी गयी सीटों का निचले से लेकर ऊपर स्तर तक गहनता से समीक्षा की जाएगी, ताकि जहां हमसे चुक हुयी है, वहां स्थितियों को अपने अनुकूल बनाया जा सके। झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मल्लिकार्जुन खरगे को बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के रिजल्ट के साथ ही झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए संगठन सक्रिय हो गया है। झारखंड में संगठन की मजबूती के लिए हर प्रयास किया जा रहे हैं और आगामी चुनाव तक संगठन पूरी तरह चुस्त दुरुस्त रहेगा। झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में जनता ने हमारा नेतृत्व किया है और हमें सफलता दिलाई है। आगे भी हम बेहतर रिजल्ट के लिए संघर्ष करेंगे। झारखंड की जनता पूरी तरह से हमारे साथ है और इन 5 वर्षों में गठबंधन की सरकार ने विपरीत परिस्थितियों के बाद भी जनता के हित में बेहतर फैसले लेकर उनके जीवन स्तर में सुधार का प्रयास किया है। मुलाकात करने वालों में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप यादव, सांसद कालीचरण मुंडा, सांसद सुखदेव भगत, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमुचू, विधायक इरफान अंसारी, भूषण बाड़ा, अशोक चौधरी, सुल्तान अहमद एवं अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष मंजूर अहमद अंसारी थे।

संजय सेठ ने रक्षा राज्य मंत्री के रूप में संभाला कार्यभार

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ।

PHOTON NEWS RANCHI : रांची सांसद संजय सेठ ने मंगलवार को देश के रक्षा राज्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया। साथ ही उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार मुलाकात भी की। गौरतलब है कि झारखण्ड से भाजपा के 8 और आजसू पार्टी को लोकसभा चुनाव में एक सीट पर सफलता मिली है। इनमें से भाजपा सांसद अन्नपूर्णा देवी (कोडरमा) और संजय सेठ (रांची) को मोदी सरकार के मंत्रिपरिषद में शामिल किया गया है। अन्नपूर्णा देवी को कैबिनेट मंत्री (महिला, बाल विकास) और संजय सेठ को राज्य मंत्री (रक्षा मंत्रालय) बनाया गया है। सोमवार को मोदी सरकार के मंत्रियों के विभागों का बंटवारा किया गया था।

लोगों को सुविधाएं देने के लिए तैयारियों में लगा रांची नगर निगम, जारी किया ई-टेंडर नोटिस

अब रांची की सड़कों पर दौड़ेगी एसी इलेक्ट्रिक बस

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी की सड़कों पर जल्द ही एसी इलेक्ट्रिक गाड़ियां दौड़ती दिखाई देंगी। इसके लिए रांची नगर तैयारियों में लग गया है। यहां तक कि उसने इसके लिए ई-टेंडर नोटिस भी जारी कर रखा है। टेंडर के मुताबिक, रांची की सड़कों पर 24 एसी इलेक्ट्रिक गाड़ियां चलायी जानी हैं। इसके अलावा 220 नन एसी डीजल बसों को भी रांची शहर में चलाए जाने की योजना है। इस तरह से कुल 244 बसों को रांची की सड़कों पर उतारे जाने की योजना है। एसी बसों और नन एसी डीजल बसों के संचालन के लिए जिनके साथ निगम की सहमति बनेगी, उसके साथ इस काम के लिए 10 सालों का कॉन्ट्रैक्ट साइन होगा। निगम ने टेंडर जारी करते कहा है कि इच्छुक ऐसी एजेंसी या बस ऑपरेटर जो एसी इलेक्ट्रिक और नन एसी डीजल गाडियों की खरीद के साथ उसके संचालन, रख-रखाव और हस्तांतरण में सक्षम हों, वे 2 जुलाई तक बिड जमा कर सकते हैं। टेंडर फीस के तौर पर 25000 हजार रुपए और इएमडी फीस के तौर पर 1 करोड़ रुपए जमा करने होंगे। इसी वर्ष फरवरी के दूसरे सप्ताह तक आवेदन जमा करने को कहा था। कहा जा रहा है कि नगर निगम की सिटी बस आने वाले दिनों में रिंग रोड पर भी चलती हुई दिखाई देगी। शहर के बाहर रिंग रोड से होते हुए शहर के अंदर तक बसों का परिचालन होगा ताकि दूर-दराज से आने वाले लोगों को सुविधा हो। बसों की दूरी को देखते हुए किराया भी कम रखा जाएगा। इससे ज्यादा से ज्यादा बस का इस्तेमाल लोग कर सकेंगे। इन बसों के लिए खादगढ़ा और आईटीआई बस स्टैंड में बस डीपो भी बनाया जाना है। इसके लिए भी करीब पांच करोड़ रुपए की राशि को स्वीकृति दे दी गई है। वहीं सिटी में 200 स्टापेज भी बनाए जाएंगे। इधर ट्रैफिक की अव्यवस्था को देखते हुए सिटी में ई-रिक्शा पर रोक लगाने का भी निर्णय लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, मुख्य सड़कों पर ई-रिक्शा पर पूरी तरह रोक लगा दी जाएगी। सिर्फ गलियों और मोहल्लों में ही इनका परिचालन होगा। इसके लिए भी ई-रिक्शा को रूट पास लेना अनिवार्य होगा।

किराया कलेक्शन और मैनपावर की भी जरूरत

रांची अब धीरे-धीरे स्मार्ट सिटी बनता जा रहा है। बढ़ती आबादी के साथ ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रशासन, ट्रैफिक डिपार्टमेंट और नगर निगम पूरी कोशिश में जुटे हैं। लोगों को शहर के एक छोर से दूसरे छोर जाने में कोई मुश्किल न हो और बेहद किफायती दर में शहर के अंदर ट्रैवल कर सकें, इसके लिए बसों की खरीदारी की प्रक्रिया चल रही है। इस साल 244 नए सिटी बस रांची की सड़कों पर उतारा जाना है। 244 नई सिटी बसों की खरीदारी के लिए टेंडर जारी किया जा चुका है। अब इसे और ज्यादा सरल और सुगम बनाने के लिए ऐप भी डेवलप किया जा रहा है। रांची नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार सिटी बसों के टेंडर जारी करने के बाद उन बसों में किराया कलेक्शन व मैनपॉवर उपलब्ध कराने के लिए भी निगम ने टेंडर निकाला था।

सड़क हादसे में मृतक के आश्रितों को मुआवजा राशि की दी स्वीकृति

- एक-एक लाख रुपये की दी जाएगी मुआवजा राशि

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा।

PHOTON NEWS RANCHI : स्थानीय आपदा से प्रभावित लोगों की क्षतिपूर्ति के लिए जिला प्रशासन ने मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना के तहत क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी। रांची जिले के तीन अंचलों के तीन आवेदकों को क्षतिपूर्ति मुआवजा का भुगतान किया जाएगा। इनमें बुण्डू, बड़गाईं और तमाड़ अंचल के एक-एक आश्रितों को एक-एक लाख की मुआवजा राशि दी जाएगी। इनमें बुंडू अंचल निवासी गिरिधारी महतो, बड़गाईं अंचल निवासी सुखदेव सिंह और तमाड़ अंचल निवासी किरण देवी हैं। संबंधित अंचल अधिकारी के प्रतिवेदन पर उप समाहर्त्ता भूमि सुधार सदर और बुण्डू की अनुशंसा के आलोक में राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना से मृत व्यक्ति के आश्रित को क्षतिपूर्ति मुआवजा के लिए अनुदान की स्वीकृति दी गई है।

THE PHOTON NEWS

www.thephotonnews.com
Wednesday, 12 June 2024

समाचार सार

'मगध का पाषाण पुरुष: दशरथ मांझी' पर परिचर्चा

JAMSHEDPUR : बिष्टुपुर के ऑफिस रोड स्थित पार्क एन्क्लेव एक्सटेंशन में मंगलवार को डॉ. अरुण सज्जन की पुस्तक 'मगध का पाषाण पुरुष: दशरथ मांझी' पर परिचर्चा हुई। डॉ. शांति सुमन की अध्यक्षता में हुई परिचर्चा में सिंहभूम हिंदी साहित्य भारती के महामंत्री मनीष सिंह वंदन ने पद्मा मिश्रा द्वारा इस कथा-काव्य पर लिखी गई समीक्षा को प्रस्तुत करते हुए कहा कि अरुण सज्जन ने जिस विषय का चयन किया है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। इस पर डॉ. आशा गुप्ता, रेणुबाला, ज्योत्स्ना अस्थाना, शैलेंद्र अस्थाना, डॉ. चेतना वर्मा आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन वरुण प्रभात व धन्यवाद ज्ञापन कुमार मुकुल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. विशाखा एवं अन्य का सहयोग रहा।

बाल विवाह मुक्त व बाल हितैषी गांव बनाने का संकल्प

POTKA : सामाजिक संस्था यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन द्वारा पूर्वी सिंहभूम जिला के पोटका प्रखंड स्थित तेंतला पंचायत के इंपीरियल रिसोर्ट में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला की, जिसमें 11 प्रखंड के ग्राम प्रधानों ने भाग लिया। इसका संचालन गर्ल्स फर्स्ट फंड परियोजना की प्रोजेक्ट-कोऑर्डिनेटर ज्योति पिंगुआ ने किया, जिसमें ग्राम प्रधानों को बाल विवाह के बारे में विस्तार से बताया।

ट्रक ने मारी कार को टक्कर, युवा व्यापारी की मौत

BIRMITRAPUR : बिरमित्रपुर थाना क्षेत्र के तहत गोबरा के पास एनएच 143 पर मंगलवार को सड़क दुर्घटना हुई। भारी ट्रक ने कार को टक्कर मार दी, जिससे युवा व्यापारी की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिरमित्रपुर निवासी बिस्कुट कंपनी के मालिक दीनानाथ मित्तल के रूप में हुई है। मंगलवार को मित्तल अपने कोई जान पहचान के अंतिम संस्कार में वेदव्यास घाट जा रहे थे। इसी क्रम में ट्रक ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल मित्तल को राउरकेला लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

बाल श्रम पर निकला जागरुकता रथ

ROURKELA : बाल श्रम कराना दंडनीय अपराध है। 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को काम पर लगाना जुर्माना और कारावास दोनों से दंडनीय है। यह जानते हुए भी लोग बाल श्रम कराते हैं। श्रम एवं राज्य बीमा कर्मचारी विभाग की ओर से लोगों को सचेत किया जा रहा है। ये बातें अतिरिक्त जिलापाल आशुतोष कुलकर्णी ने मंगलवार को राउरकेला में कहीं। इस दौरान उन्होंने बाल श्रम विरोधी जागरुकता रथ को रवाना किया।

फेडरेशन ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

JAMSHEDPUR : ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन द्वारा मंगलवार शाम को गुरुद्वारा साहिब बिष्टुपुर में 10वीं और 12वीं कक्षा के टॉपर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले व चिन्मया विद्यालय की प्राचार्य मीना विल्खू उपस्थित थीं। अपने संबोधन में काले ने कहा कि ये हीरे हैं, पर अनगढ़े, इनको तराशिए..। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक व फेडरेशन के पूर्वी भारत अध्यक्ष सतनाम सिंह गंभीर, बिष्टुपुर गुरुद्वारा के अध्यक्ष प्रकाश सिंह, साकची गुरुद्वारा के अध्यक्ष निशान सिंह, महासचिव परमजीत सिंह काले, गुरदीप सिंह, इंदरजीत सिंह कपूर, इंदरजीत सिंह पनेसर, इंदरपाल सिंह भाटिया, मनमीत लूथरा, परविंदर भाटिया, मनवीर सिंह, मोहिंदरपाल सिंह आदि भी उपस्थित थे।

जून-जुलाई में परिवर्तित मार्ग से चलेंगी कई ट्रेनें

JAMSHEDPUR : मरम्मत कार्य को लेकर टाटा-यशवंतपुर और टाटा-बेंगलुरु एक्सप्रेस जून के अंतिम माह और जुलाई माह के विभिन्न तिथियों में परिवर्तित मार्ग से चलेगी। दोनों ट्रेनें निदादावोले, भीमावरम टाउन, गुडीवाड़ा जंक्शन एवं विजयवाड़ा जंक्शन होकर चलेगी। टाटा-यशवंतपुर का ठहराव एलुरु रेलवे स्टेशन पर नहीं होगा। ट्रेन नंबर 18111 टाटा-यशवंतपुर एक्सप्रेस 27 जून, 4, 11, 18 और 25 जुलाई को परिवर्तित मार्ग से चलेगी। वहीं ट्रेन नंबर 12889 टाटा-बेंगलुरु एक्सप्रेस 28 जून, 5, 12, 19 और 26 जुलाई को परिवर्तित मार्ग से चलेगी। इस संबंध में रेलवे की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है।

श्रम अधीक्षक ने कान्वाई चालकों से की पूछताछ

JAMSHEDPUR : टाटा मोटर्स कान्वाई चालकों का धरना जारी है। टाटा मोटर्स यार्ड रोड के पास कान्वाई चालक न्यूनतम मजदूरी, बोनस, ड्राइवरों का इंश्योरेंस, अवैध यूनियन का संचालन बंद करने की मांग पर धरने पर बैठे हैं। इस मामले में मंगलवार को श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर के नेतृत्व में एक जांच दल कान्वाई बुकिंग यार्ड पहुंचा। दल ने चालकों को मिलने वाले वेतन, बोनस के मामले में जानकारी ली। यह जांच रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपी जाएगी। जांच में त्रिलोकी चौधरी, हरिशंकर प्रसाद, त्रिलोचन सिंह, उमेश प्रसाद, श्याम यादव, जसपाल सिंह आदि चालक शामिल थे।

मानगो के नशा मुक्ति केंद्र पर दर्जनों अपराधियों ने किया हमला, हंगामा

पुलिस को भी नहीं बख्शा, पटमदा डीएसपी के आने पर मामला हुआ शांत

PHOTON NEWS JSR: मानगो के डिमना रोड स्थित उलीडीह थाने से महज 50 मीटर दूरी पर स्थित नशा मुक्ति केंद्र पर मंगलवार को दर्जनों की संख्या में हरवे-हथियार से लैस युवकों ने हमला कर दिया। पूरे नशा मुक्ति केंद्र में जमकर तोड़फोड़ की गई। केंद्र में कार्य कर रहे तीन लोगों को डंडा, रॉड और हथौड़े से जमकर पिटाई की। नशा मुक्ति केंद्र में तोड़फोड़ करने के बाद अपराधियों ने डिमना रोड स्थित होटल में भी तोड़फोड़ की। बीच सड़क में जा रहे टेंपो वाले को मारा। ठेले वाले, खोमचे वाले भी को भी अपना शिकार बनाया। जो सामने दिखा, उसको भी जमकर पिटाई की गई। हद तो तब हो गई जब बीच सड़क में अपराधियों का तांडव देखकर मौके पर पुलिस पहुंची तो पुलिस कर्मी पर भी अपराधियों ने हमला कर दिया। अपराधियों के हमले से पुलिस को कुछ देर के लिए पीछे हटना पड़ा, फिर अतिरिक्त पुलिसबल मौके में पहुंच कर अपराधियों को पकड़कर थाने में लाकर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अपराधी खुलेआम सड़क पर चिल्ला चिल्ला कर मंत्री के पैरवी का हवाला देते हुए पुलिस को चुनौती दे रहे थे। अपराधियों के पक्ष में सैकड़ों की संख्या में विशेष समुदाय के लोगों का जमावड़ा भी उलीडीह थाने में लगने लगा। अपराधियों की मार से घायल लोगों ने मामले की जानकारी भाजपा नेता विकास सिंह को दी। सूचना मिलते ही विकास सिंह ने उलीडीह थाने में पहुंचकर अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की। थाने में मौजूद अपराधियों के समर्थक मोहम्मद राजा एवं मंजर खान ने विकास सिंह को वापस चले जाने की हिदायत दी। मौके पर पहुंचे विकास सिंह ने कहा कि कोई कितनी भी ऊंची पैरवी वाला हो, कानून हाथ में लेने का किसी को अधिकार नहीं है। पुलिस के साथ साथ आम राहगीरों ऊपर हमला करना सीधे-सीधे जिला प्रशासन को चुनौती देना है। भाजपा नेता ने मामले की जानकारी जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक को देते हुए दोषियों पर कार्रवाई करने की बात कही। हमलावर के समर्थक ऊंची आवाज में अपराधियों को नहीं छोड़ने पर रोड जाम करने की धमकी दे रहे थे। इस दौरान विकास सिंह ने अपने समर्थकों के साथ (जिला प्रशासन मत घबराना, आपके साथ है सारा जमाना) नारा बुलंद किया। मामला बढ़ता देख मौके पर पटमदा डीएसपी ने पहुंचकर स्थिति को काबू किया। चोट लगे लोगों को इलाज करने के लिए एमजीएम अस्पताल भेजते हुए उनके परिजनों से अपराधियों को जेल भेजने की बात कही। मारपीट की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद है। सीसीटीवी कैमरे में साफ देखा जा रहा है कि कांग्रेस के नेता इसमाइल आजाद अपने समर्थकों के साथ उत्पात मचा रहे हैं और मंत्री के नाम का हवाला देकर भय पैदा कर रहे हैं।

घटनास्थल पर जुटी भीड़ • फोटोन न्यूज

पोटका क्षेत्र की चार मुख्य सड़कों का होगा पुनर्निर्माण, निविदा जारी

POTKA : पूर्वी सिंहभूम जिला के पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र के तीन महत्वपूर्ण सड़कों का पुनर्निर्माण किया जाएगा, जिसे लेकर पथ निर्माण विभाग, जमशेदपुर प्रमंडल की ओर से निविदा का प्रकाशन कर दिया गया है। निविदा की प्रकिया पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इसके तहत जिन सड़कों का जीर्णोद्धार होना है, उसमें हाता से टाटानगर स्टेशन, जमशेदपुर (18 किमी), हल्दीपोखर से कोवाली (12 किमी) एवं मुसाबनी-डुमरिया-आस्ता कोइमा से ओडिशा बार्डर (47.30 किमी) शामिल है, जबकि सेरालडीह-नरसिंहबहाल भाया मुड़पा से ओडिशा बार्डर (15 किमी) शामिल है।

गोलमुरी के बिड़ला मंदिर में लक्ष्मी नारायण की प्राण-प्रतिष्ठा 3 जुलाई से

मंदिर में वेद अध्ययन अनुशीलन केंद्र की स्थापना करने का भी निर्णय

PHOTON NEWS JSR: गोलमुरी के केबुल टाउन स्थित श्री लक्ष्मीनारायण (बिड़ला) मंदिर में श्रीलक्ष्मीनारायण प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ 3 जुलाई से 7 जुलाई तक संपन्न होगा। 3 जुलाई को कलश यात्रा एवं विग्रहों के नगर भ्रमण के साथ महायज्ञ का शुभारंभ होगा। यज्ञ को विधि विधान के अनुरूप पूजा-अर्चना संपन्न करते हुए 7 जुलाई, 2024 (भगवान जगन्नाथ रथयात्रा के दिन) मंदिर में श्री लक्ष्मीनारायण एवं अन्य देवी-देवताओं की विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होगी। बेगुसराय के पं. गौरीकांत ठाकुर तथा जमशेदपुर के पं. विनोद पांडेय, पं. विपिन झा, पं. सुधीर झा एवं पं. उमेश शास्त्री ने मंगलवार को श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर की जीर्णोद्धार प्रक्रिया का निरीक्षण किया और शास्त्र समत कई सुझाव दिए तथा महायज्ञ का विस्तृत कार्यक्रम निर्धारित किया। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में एक वेद अध्ययन अनुशीलन केंद्र की भी स्थापना करने का निर्णय भी हुआ। इस केंद्र में सनातन धर्म के सभी विधानों की ग्रंथों से युक्त एक समृद्ध पुस्तकालय होगा और जिज्ञासुओं को विविध पूजा पद्धति, श्लोक उच्चारण तथा वेद-पुराण, यज्ञ, मीमांसा आदि का गूढ़ शिक्षण दिया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं की जिज्ञासाओं का उचित समाधान किया जा सके।

मंदिर परिसर में पुरोहितों के साथ विधायक सरयू राय • फोटोन न्यूज

जुएल ओराम तीसरी बार बने केंद्रीय मंत्री

SUNDARGARH : वर्तमान चुनाव में सुंदरगढ़ लोकसभा क्षेत्र से आदिवासी नेता और भाजपा सांसद जुएल ओराम ने तीसरी बार केंद्रीय मंत्री पद की शपथ ली। जुएल ओराम को जनजातीय मामले विभाग का मंत्री बनाया गया है। पहले इस पद पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा थे। ओराम के केंद्रीय मंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी है। ओडिशा के बेहतर प्रतिनिधित्व देने के लिए पानपोस जिला संगठन की ओर से जिला अध्यक्ष लतिका पटनायक, प्रदेश महासचिव पूनिमा केरकेटा, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुदर्शन गोयल, प्रदेश प्रवक्ता समाहन सेनापति, पूर्व केंद्रीय मंत्री दीलिप राय, पूर्व विधायक शंकर ओराम और रघुनाथपल्ली विधायक दुर्गा तांती, प्रदेश नेताओं, जिला कमेटी, जिला मोर्चा कमेटी, मंडल कमेटी, बूथ कमेटी ने भी बधाई दी।

ओडिशा-बंगाल सीमा पर हो रही गोवंश की तस्करी

जिला प्रशासन से रोक लगाने की गुहार

उपायुक्त कार्यालय पहुंचे विहिप कार्यकर्ता • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JSR: भारतीय गोवंश रक्षण, संवर्धन परिषद, विश्व हिंदू परिषद (गौ रक्षा विभाग) द्वारा मंगलवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें बताया गया है कि पड़ोसी राज्य ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल की सीमा पर गोकशी के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर गोवंश की तस्करी हो रही है। जमशेदपुर सहित विभिन्न मुस्लिम बहुल थाना क्षेत्रों में निर्बाध रूप से गोकशी हो रही है। मांग की गई कि ओडिशा सीमा पर जिले के कोवाली, मुसाबनी, डुमरिया, गुड़ाबांधा तथा बहरागोड़ा तथा पश्चिम बंगाल की सीमा पर बोड़ाम, एमजीएम, गालूडीह, धालभूमगढ़, चाकुलिया तथा बरसोल क्षेत्र में हो रही गोवंश की तस्करी पर तत्काल रोक लगाई जाए। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सुजीत साहू सहित दीपक शर्मा, अवतार सिंह गांधी, गब्बू लाल जायसवाल, जनार्दन पांडे, सुशील शर्मा, सुधीर प्रसाद, नवीन सिंह सरदार, भारतेंदु शर्मा, अमर प्रताप सिंह, महेश वर्मा, चंदन चौबे, दीपक शर्मा आदि उपस्थित थे।

सुंदरनगर में पेड़ से गिरा किशोर बांस की टहनी कंधे से आर-पार

PHOTON NEWS JSR: सुंदरनगर थाना क्षेत्र के केड़ो गांव से एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां पेड़ से आम तोड़ने के दौरान 15 वर्षीय किशोर विक्रम हेंब्रम जमीन पर गिर गया। इस दौरान जमीन पर पड़ी बांस की एक टहनी विक्रम के कंधे को चीरते हुए आर-पार हो गई। इधर, विक्रम के साथ मौजूद साथी उसे लेकर तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए टीएमएच रेफर कर दिया गया। फिलहाल विक्रम का इलाज टीएमएच में चल रहा है। परिजनों ने बताया कि विक्रम घर के पास ही एक आम के पेड़ से आम तोड़ने के लिए चढ़ा था। वह आम तोड़कर एक डाल से दूसरी डाल पर जा रहा था। इसी क्रम में उसका हाथ फिसला और वह नीचे गिर गया। नीचे बांस की बल्ली से घर की बाउंड्री बनाई गई है। विक्रम ब्राउंड्री की बांस पर गिर गया, जिससे बांस उसके कंधे के आर-पार हो गई। उसकी चीख सुनकर लोग दौड़े। बांस को काटकर उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। फिलहाल विक्रम की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

टीएमएच में इलाजरत घायल

विश्वस्तरीय धर्म महासम्मेलन में सम्मानित हुए शहर के आनंदमार्गी

JAMSHEDPUR : बंगाल के पुरुलिया स्थित आनंद नगर में विश्व स्तरीय धर्म महासम्मेलन हो रहा है। यहां शहर के आनंदमार्गी सम्मानित किए गए। इनमें सुनील आनंद को राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार एवं सेवा कार्यों के लिए विशेष पुरस्कार से पुरोधा प्रमुख आचार्य विश्वदेवानंद अवधूत ने सम्मानित किया। इनके अलावा शहर से श्रेष्ठ भुक्ति प्रधान सुधीर आनंद, प्रचार कार्य के लिए लाल बिहारी आनंद, आशा देवी एवं सीताराम देव को भी सम्मानित किया गया।

भीषण गर्मी में लू से बचाव के लिए सतर्क रहें, बरतें सावधानी : डीसी

PHOTON NEWS JSR: मौसम विभाग द्वारा अगले 4 दिनों तक राज्य में कई जगहों पर भीषण हीट वेव चलने की संभावना जताई गई है। इसी के मद्देनजर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा जिलेवासियों से अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने की अपील की गई है। उन्होंने जिलावासियों से आह्वान किया कि गर्मी के मौसम में छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर लू से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि दिन में घर से बाहर निकलते समय सिर पर कपड़ा रखें। गर्मी के मौसम के चलते सूती कपड़ों का प्रयोग करें। दोपहर 12 से 3 बजे के बीच शारीरिक परिश्रम से बचें। ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं। बच्चों को धूप से बचाएं, घर पर उपचार के दौरान यदि सुधार नहीं होता है तो प्रभावित व्यक्ति को तुरंत अस्पताल ले जाएं। वाहनों के टैंक को पूरा न भरवाएं। उपायुक्त ने कहा कि दिनचर्या के दौरान कुछ सावधानियां रखने से लू के प्रकोप से बचा जा सकता है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में ओआरएस पाउडर और अन्य आवश्यक दवा उपलब्ध है। गर्मी के कारण स्वास्थ्य पर बुरा असर हो सकता है जैसे पानी की कमी, उल्टी, तेज बुखार, कमजोरी, सिरदर्द, चक्कर, हदयाघात, मस्तिष्क घात, और कार्डियोवैस्कुलर समस्या। लिक्विड डायट का ज्यादा से ज्यादा सेवन करें।

परसुडीह में लगी आग करीब 50 कंप्यूटर जले

JAMSHEDPUR : परसुडीह थाना क्षेत्र के चांदनी चौक स्थित कंप्यूटर की दुकान में सोमवार की रात करीब एक बजे अचानक आग लग गई। इससे दुकान और गोदाम में रखे करीब 50 कंप्यूटर जल गए। दुकान के मालिक अभय तिवारी का कहना है कि दुकान के नीचे ही उनका मकान है। आधी रात को ही दुकान को बंद किया था। वे लोग घर में बातचीत कर ही रहे थे कि इसी बीच अचानक धुआं उठने की गंध मिली। बाहर निकलकर देखा तो आग की लपटें बाहर आ रही थीं। इसके बाद घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड कार्यालय को दी गई। दो दमकल ने आग पर काबू पाया। उधर, बिष्टुपुर में एसबीआई लाइफ के कार्यालय में लगे एसी के आउटर में मंगलवार दोपहर अचानक आग लग गई, जिससे अफरातफरी मच गई। बिल्डिंग के बाहर मौजूद लोगों ने अग्निशमन विभाग को जानकारी दी, जिसके बाद टाटा स्टील के दो दमकल ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

एक्सएलआरआई में एडमिशन का बदला ट्रेंड, पहले ज्यादातर इंजीनियरिंग के छात्र लेते थे मैनेजमेंट कोर्स में दाखिला

एचआरएम में 50 प्रतिशत नॉन इंजीनियरिंग छात्रों का एडमिशन

- एक्सएलआरआई में नया शैक्षणिक सत्र 2024-26 शुरू, 551 विद्यार्थियों के परिचय सत्र का आयोजन

नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत करते हुए एक्सएलआरआई के शिक्षक व पदाधिकारी

कोर्स	कुल विद्यार्थी	महिला	पुरुष	इंजीनियरिंग बैकग्राउंड
पीजीडीएम (बीएम)	236	31%	69%	55%
पीजीडीएम (एचआरएम)	180	59%	41%	50%
पीजीडीएम (जीएम)	112	30%	70%	79%

PHOTON NEWS JSR: एक्सएलआरआई-जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में एडमिशन का ट्रेंड बदला है। दो साल के मैनेजमेंट के कोर्स में अब तक इंजीनियरों का दबदबा रहता था। लेकिन इस बार बिजनेस मैनेजमेंट के साथ ही ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में भी ये मिथक टूटी है। सत्र 2024-2026 में मैनेजमेंट ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में 50 प्रतिशत विद्यार्थी इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के हैं, लेकिन पहली बार संस्थान में 50 प्रतिशत नॉन इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के विद्यार्थियों को भी एडमिशन मिल सका है। हालांकि बिजनेस मैनेजमेंट में कुल 55 प्रतिशत इंजीनियरिंग जबकि 45 प्रतिशत नॉन इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के विद्यार्थियों का चयन किया गया है। ये बातें एक्सएलआरआई के टाटा ऑडिटोरियम में नये शैक्षणिक सत्र 2022-2024 के उद्घाटन सत्र शुरू होने के मौके पर उभर कर सामने आयी। एक्सएलआरआई में सोमवार से नये सत्र की शुरुआत की गयी। जिसमें बिजनेस मैनेजमेंट, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के साथ ही एफपीएम समेत अन्य कोर्सों में एडमिशन लेने वाले सभी 551 बच्चों के साथ ही उनके माता-पिता, संस्थान के डायरेक्टर, डीन, 70 शिक्षकों के साथ ही गैर शैक्षणिक कर्मचारी भी मौजूद थे। एक्सएलआरआई के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज एसजे, डीन एडमिनिस्ट्रेशन एंड फाइनेंस फादर डोनाल्ड डी सिल्वा एसजे, डीन एकेडमिक्स प्रो. संजय पात्रो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। डीन एकेडमिक्स प्रो. संजय पात्रो ने जहां स्वागत भाषण दिया वहीं डीन एडमिनिस्ट्रेशन एंड फाइनेंस फादर डोनाल्ड डी सिल्वा एसजे ने प्रार्थना की। मौके पर सभी छात्रों को एक्सएलआरआई जमशेदपुर परिवार में स्वागत किया गया, साथ ही सभी प्रोफेसरों से मिलवाया गया। डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज एसजे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज से आप सभी एक परिवर्तनकारी यात्रा की शुरुआत करने जा रहे हैं। उन्होंने सभी से सत्य और ज्ञान के लिए प्रार्थना करने का आह्वान किया। कहा कि सत्य प्रकाश के रूप में आता है, अपने भीतर एक दीपक जलाएं और उत्कृष्टता का लक्ष्य रखें। उन्होंने कहा कि एक्सएलआरआई एक जुनून है और आपने इस यात्रा का हिस्सा बनकर अपने लिए सही चुनाव किया है। इस दौरान बताया गया कि एक्सएलआरआई ने हमेशा लिंगानुपात पर बल दिया है। भारत में मैनेजमेंट की पढ़ाई करने वाली कई पहली महिलाएं एक्सएलआरआई से हैं। एक्सएलआरआई मजबूत मूल्यों के साथ एक जेसुइट संस्थान होने के नाते, न केवल महिलाओं को बहुत सम्मान देता है, बल्कि उन्हें सुरक्षित और सशक्त भी महसूस कराता है।

टैंडम पुश-अप के रिकॉर्डधारी को सीजीपीसी ने किया सम्मानित

- लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज करा चुके मनदीप-बलदीप

PHOTON NEWS JSR: सीजीपीसी ने आदित्यपुर निवासी दो सिख भाई मनदीप सिंह और बलदीप सिंह को सम्मानित किया है। दोनों भाई टैंडम पुश-अप (दो लोगों द्वारा एक साथ किए जाने वाले स्पोर्ट्स) में लिम्का बुक्स ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज करा चुके हैं। सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (सीजीपीसी) ने दोनों भाई का साकची स्थित कार्यालय में शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह और झारखंड राज्य गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार शैलेंद्र सिंह ने दोनों भाई के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनसे अन्य युवाओं को प्रेरित करने का अनुरोध किया है। इस मौके पर अमरजीत सिंह, सुखदेव सिंह बिट्टू, परविंदर सिंह सोहल, हरदीप सिंह छनिया समेत दोनों भाई के माता-पिता सुरेंदर सिंह व सतवंत कौर भी मौजूद थे। गौरतलब है कि आदित्यपुर निवासी 'सिंह ब्रदर्स' के नाम से मशहूर सरदार सुरेंदर सिंह और बीबी सतवंत कौर के दोनों सुपुत्र सरदार मनदीप सिंह और बलदीप सिंह ने अनोखा रिकॉर्ड बनाते हुए टैंडम पुश-अप के क्षेत्र में अपना नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड के अलावा इंटरनेशनल बुक्स ऑफ रिकॉर्ड में भी अपना नाम दर्ज कराया है।

5 घंटे तक तक जारी रहा प्रोटेस्ट, DSW -एग्जाम
कंट्रोलर के आश्वासन के बाद शांत हुआ मामला

पूर्णिया। पूर्णिया विश्विद्यालय में आज का दिन हंगामे भरा रहा। विभिन्न समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विश्वविद्यालय में तालाबंदी कर दी और जमकर प्रदर्शन किया। एबीवीपी ने विश्विद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विश्वविद्यालय के अधिकारी और कर्मचारियों को कैंपस से बाहर कर दिया। प्रदर्शन 5 घंटे तक चलता रहा। आखिर में डीएसडब्ल्यू और परीक्षा नियंत्रक के आश्वासन के बाद एबीवीपी का प्रदर्शन शांत हुआ। लाइब्रेरी में लाइट और बैठने की हो व्यवस्था अपनी बात रखते हुए एबीवीपी के विश्वविद्यालय परिसर अध्यक्ष विकास कुमार और जिला संयोजक चंदन कुमार ने कहा कि हाल ही में पूर्णिया विश्वविद्यालय की दीक्षांत समारोह आयोजित होने जा रही है। इसके लिए छात्र-छात्राओं से 1500 लिए जा रहे हैं। इसके बदले छात्र-छात्राओं को क्या दिया जा रहा है, इसका विवरण उनके बीच सार्वजनिक किया जाए। वहीं विश्वविद्यालय परिसर उपाध्यक्ष पवन कुमार ठाकुर ने कहा कि लाइब्रेरी केवल नाम के लिए रह गई है, यहां बैठने तक की व्यवस्था नहीं है और एक भी कंप्यूटर चालू नहीं होने से कोई भी कार्य करने में दिक्कत हो रहा है। वहीं लाइब्रेरी में लाइट और बैठने की व्यवस्था की जाए। बिजली की व्यवस्था खराब होने के कारण परीक्षा विभाग में बहुत से कार्य बाधित हो जाते हैं। वाटर कूलर भी नहीं लगाया गया रितेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय से छात्र-छात्राओं को वहां से बैरंग लौटना पड़ता है। ऐसे में परीक्षा विभाग में तुरंत जनरेटर लगाया जाए। वहीं दूसरी ओर जल की व्यवस्था की जाए। अभी तक पूर्णिया विश्वविद्यालय के द्वारा तीन वाटर कूलर लिया गया है, लेकिन एक भी वाटर कूलर को लगाया नहीं गया है। जिसके चलते इस भीषण गर्मी में छात्र - छात्राएं पानी के लिए तरस रहे हैं।वही विश्वविद्यालय परिसर मंत्री अमित कुमार ने कहा कि बीएड कॉलेज में सीएलसी के नाम पर छात्राओं से अधिक शुल्क लेकर छात्राओं का दोहन किया जा रहा है। उसमें एकरूपता लाने के लिए विश्वविद्यालय अपने ओर से पहला करे। 24 घंटे के अंदर समाधान निकालने की मांग वहीं जिला स्वास्थ्य संयोजक राजा कुमार ने कहा कि छात्र-छात्राओं का परिचय पत्र सभी कॉलेजों में अनिवार्य किया जाए, जिससे कि अवैध रूप से जो लोग परिसर में घूमते हैं, उनका प्रवेश निषेध हो। परीक्षा विभाग में जो भी समस्याएं आए, उसको लेकर 24 घंटे में उसका निवारण किया जाए। वहीं पीजी विभाग में हर एक फ्लोर पर नॉन टीचिंग स्टाफ देना चाहिए, जिससे कि अगर कोई विभाग अध्यक्ष या प्रोफेसर नहीं रहेंगे उसकी जानकारी छात्र-छात्राओं को उनके द्वारा मिल जाएगी। विश्वविद्यालय और पीजी विभाग के सभी शौचालय की साफ सफाई कराई जाए। इस प्रदर्शन में एबीवीपी के विश्वविद्यालय परिसर के अन्य कार्यकर्ता रितेश कुमार, दिनकर कुमार,

शुभम कुमार, मनोज कुमार, सरवन कुमार, रोशन कश्यप, नितेश कुमार, बंटी कुमार, प्रवीण कुमार, आयुष राज आनंद आदित्य, कुमार हिमांशु, कुमार प्रियांशु चौधरी, हिमांशु कुमार प्रशांत कुमार, विराट सिंह राठौड़, आशीष कुमार, देवाशीष कुमार सभी उपस्थित रहे।

सहरसा के मत्स्यगंधा के पास बाइक सवार बदमाशों ने किया हमला, जांच में जुटी पुलिस

सहरसा। सहरसा में मंगलवार को दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने एक फाइनेंस कर्मी पर चाकू से हमला कर दिया और 8 लाख 63 हजार रुपया लूट कर फरार हो गए। इस हमले में फाइनेंस कर्मी बुरी तरह से जख्मी हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई और जख्मी को सदर अस्पताल में भर्ती करया। यहां घायल का इलाज जारी है। घटना सदर थाना क्षेत्र के मत्स्यगंधा के पास की है। घटना को लेकर घायल फाइनेंस कर्मी राजनंदन कुमार ने बताया कि वह फाइनेंस कंपनी में काम करता है। इनका काम लोन देना और कलेक्शन करना है। वह आज अपने घर रहुआ तुलसियाही से कलेक्शन का पैसा बैग में रखकर आ रहा था। आगे की कार्रवाई में जुटी पुलिस इसी दौरान बाइक सवार तीन बदमाश पीछे से आए और उस पर चाकू से हमला कर बैग में रखे 8 लाख 63 हजार रुपया लूट कर फरार हो गए। इस घटना को लेकर सदर एसडीपीओ आलोक कुमार ने बताया कि आज तकरीबन 10 बजे एक सूचना मिली कि राजनंदन कुमार पिता महेंद्र मिस्त्री, जो रहुआ तुलसियाही के रहने वाले हैं।

यह स्मॉल फाइनेंस कंपनी में काम करते है। इनके साथ लूट की घटना हुई है। इन्हें घायल कर दिया है। प्रथम जानकारी मिली है कि कलेक्शन कर पैसा 10 दिनों से इन्होंने अपने घर पर रखा हुआ था। आज पैसा लेकर हकपाड़ा ऑफिस के लिए निकले थे। यहां रास्ते में इनके साथ लूट की घटना हो गयी है।

पुलिस सभी पॉइंट पर काम कर रही है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

फतुहा प्रखंड प्रमुख समेत 10 गिरफ्तार; राइफल और भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार बरामद

पटना। पटना पुलिस ने जेठुली गोलीकांड मामले में फतुहा प्रखंड प्रमुख रजनीश कुमार समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में कुणाल सिंह, पिंकू कुमार, सहेंद्र कुमार, संजीव कुमार, अनिरुद्ध कुमार, हरिमोहन राय, कुमार विशिष्ट नारायण, अजीत राम और रंगनाथ पांडेय शामिल हैं। इन गिरफ्तार लोगों के पास से 6 लाइसेंसी राइफल, 161 जिंदा कारतूस, 9 खोखा, 1 स्पोटिंग राइफल, 29 स्पोटिंग राइफल की गोली, एक दो नाली बंदूक, एक रिपीटर राइफल, एक पिस्टल, 13 मोबाइल और एक मारुति कार बरामद किया है। सोमवार को जेठुली गांव में बच्चा राय गुट की ओर से जमकर फायरिंग की गई थी। इस गोलीकांड से पहले का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि 8 से 10 लोग हाथ में हथियार लेकर बीच सड़क पर लहरा रहे हैं। एसटीएफ की मदद से की गई गिरफ्तारी ग्रामीण एसपी रौशन ने बताया कि उमेश राय, बच्चा राय गांव में अपना वर्चस्व कायम करने को लेकर कुछ लोगों के साथ एक जगह जमा हुए थे। इनको देखकर दूसरे पक्ष के लोग भी आक्रोशित होकर जमा हो गए थे। फिर दोनों गुट के बीच पत्थरबाजी शुरू हो गई। इसके बाद एक पक्ष की ओर से फायरिंग शुरू कर दी गई। एसटीएफ की टीम और नदी थाने की पुलिस गांव में पहुंचकर घेराबंदी की और घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तार किया। 74 लोगों के खिलाफ FIR दर्ज ग्रामीण एसपी रौशन कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से 47 लोगों की पहचान की गई है। इन लोगों के खिलाफ FIR दर्ज कर ली गई है। 10 लोगों को गिरफ्तार किया है और बाकि लोगों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है। इसमें मुख्य आरोपी बच्चा राय और उमेश राय भी शामिल है। उन्होंने कहा कि बच्चा राय और उमेश राय हाल में ही जमानत पर जेल से बाहर आए हैं। पुलिस इन दोनों की जमानत रद्द कराने के लिए कोर्ट में अपील करेगी। जेल से बाहर निकले ही बच्चा राय ने की फायरिंग जेठुली गांव में 15 महीने पहले पार्किंग को लेकर उमेश राय और चनारिक राय के बीच विवाद हुआ था। इस विवाद में उमेश राय गुट के लोगों ने तीन लोगों को गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में उमेश राय के भाई बच्चा राय को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। बच्चा राय बेल पर जेल से बाहर निकलकर गांव पहुंचा तो वर्चस्व कायम करने के लिए अपने साथियों के चनरिका राय के घर के आसपास ताबड़तोड़ फायरिंग की। हालांकि, इस गोलीबारी में किसी तरह की जान-माल का नुकसान नहीं हुआ।

वर्चस्व कामय करने के लिए फायरिंग घटना की सूचना मिलने के बाद कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण एसपी रौशन कुमार भी मौके पर पहुंचे। ग्रामीण एसपी रौशन कुमार ने बताया कि गोलीकांड में आरोपित पक्ष के कुछ लोग बेल पर छूट कर जेठुली गांव पहुंचे थे। आरोपी ने वर्चस्व कायम करने के लिए कुछ लोगों को इकट्ठा किया और गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। एसटीएफ की मदद से कार्रवाई करते हुए फतुहा प्रमुख रजनीश कुमार समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। 2023 में तीन लोगों की गई थी जान 8 मार्च 2023 को पार्किंग विवाद को लेकर जेठूली गांव में जमकर गोलीबारी हुई थी। इस दौरान पांच लोगों को गोली लगी थी, तीन लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना का वीडियो भी उस समय वायरल हुआ था। इस दौरान गौतम कुमार की मौत मौके पर ही हो गई थी, जबकि रोशन कुमार और मुद्रिका राय की मौत इलाज के दौरान हो गई थी। इस घटना के मुख्य आरोपी उमेश राय गुट के लोगों ने 50 राउंड से अधिक गोलियां चलाई थीं। फिर दूसरे गुट के आक्रोशित लोगों ने आरोपी के घर, मैरिज हॉल और गाड़ियों को आगे के हवाले कर दिया था।

सीतामढ़ी में SDRF ने तीन शव को बाहर निकाला, एक की तलाश जारी

सीतामढ़ी। सीतामढ़ी में चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई। सभी बच्चे मंगलवार को दोपहर में एक साथ बागमती नदी में नहाने गए थे। एसडीआरएफ की टीम ने तीन बच्चों के शव को बाहर निकाल लिया गया है। वहीं, एक बच्चे की तलाश अभी जारी है। घटना जिले के सुप्पी प्रखंड के अख्ता गांव की है। सभी बच्चे इसी गांव के है। घटना की सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने तीन बच्चों के शव को नदी से बाहर निकाल लिया है। जबकि, चौथे की तलाश जारी है। दो बच्चों को बचाने में दो अन्य डूबे मिली जानकारी के अनुसार चारों बच्चे एक साथ अपने अन्य साथियों को लेकर नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान दो बच्चे डूबने लगे। इन्हें बचाने के लिए दो अन्य बच्चे भी गए। इसी क्रम में चारों डूबने लगे। वहां मौजूद अन्य बच्चे मदद के लिए हल्ला करने लगे। शोर गुल होने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लेकिन, तब तक सभी बच्चे नदी डूब चुके थे। ग्रामीणों ने एसडीआरएफ की टीम और थाना को घटना की सूचना दी। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। अभी तक तीन शव ही बरामद किया गया है। वही, एक शव की तलाश जारी है। गांव में पसरा सन्नाटा हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना ने बताया कि पीड़ित परिवार को सभी तरह की सरकारी सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। फिलहाल, उन्हें निजी कोष से राहत सामग्री उपलब्ध कराया जा रहा है। घटना के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

वैशाली में राजद नेता का दिखा अनोखा अंदाज, लोगों ने बताया गरीबों का मसीहा

हाजीपुर (वैशाली)। वैशाली के भगवानपुर में मंगलवार को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का 77वां जन्म दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। राजद नेता केदार प्रसाद यादव ने कार्यकताओं के साथ घोड़े पर केक रखकर सीढ़ी के सहारे केक को काटा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने घोड़े को सजाया भी था। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव गरीबों के मसीहा है। भगवान से प्रार्थना करते हैं कि उनकी उम्र और लंबी हो। वह स्वस्थ रहें और करोड़ों गरीबों की दुआ उनको मिलते रहें। कार्यकताओं ने काफी जोश और उमंग के साथ आज उनका जन्म दिवस मनाया है। मालूम हो कि केदार प्रसाद यादव राजद के काफी पुराने नेता है। चर्चा में बने रहने के लिए वह लगातार कुछ न कुछ करते रहते है। वहीं पिछले साल भैंस पर सवार होकर लालू प्रसाद यादव का जन्म दिन मनाया था और भैंस पर बैठकर ही केक को काटा था। वह विडियो भी खूब वायरल हुआ था। इसके अलावा जेसीबी मशीन पर चढ़कर भी केक काटते दिख चुके है।

संक्षिप्त डायरी

नकली सिलेबस, सैंपल क्वेश्चन पेपर्स के खिलाफ चेतावनी दी

पटना। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने छात्रों को सैंपल क्वेश्चन पेपर्स, सिलेबस और सीबीएसई रिसोर्स को लेकर सावधान किया है। दरअसल, सीबीएसई गतिविधियों से जुड़ी भ्रामक जानकारी विभिन्न ऑनलाइन पोर्टल और वेबसाइट द्वारा फैलाई जा रही है। इसे लेकर CBSE ने एक एडवाइजरी जारी की है। सीबीएसई ने अपने संसाधनों के बारे में पुराने लिंक और फर्जी खबरें फैलाने वाले ऑनलाइन पोर्टलों के झांसे में न आने की चेतावनी दी है। CBSE ने अपने एडवाइजरी में लिखा, यह हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ ऑनलाइन पोर्टल और वेबसाइट सैंपल क्वेश्चन पेपर्स, सिलेबस और सीबीएसई रिसोर्स और एक्टिविटी से संबंधित पुराने लिंक और असत्यापित समाचार प्रसारित कर रहे हैं। ये लिंक और समाचार सत्र 2024-25 के लिए अपडेटेड जानकारी प्रदान करने का झूठा दावा करते हैं। हम इस बात पर जोर देना चाहते हैं कि अनधिकृत स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी भ्रामक हो सकती है और स्कूलों, छात्रों, अभिभावकों और अन्य हितधारकों के बीच अनावश्यक भ्रम पैदा कर सकती है।

घर के बाहर दोस्तों के संग खेल रहा था मासूम, इलाज के दौरान गई जान

पूर्णिया। घर के बाहर खेल रहे 10 साल के बच्चे को ट्रैक्टर ने कुचल दिया। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर जुटे। बच्चे की नाजुक हालत को देखते हुए आनन-फानन में मासूम को पूर्णिया में एडमिट कराया गया। यहां इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा है। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लोगों ने ट्रैक्टर और चालक दोनोंएल को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पूरा मामला कोढा थाना के मुसापुर गांव की है।मृतक की पहचान कटिहार जिले के कोढा थाना के मुसापुर गांव निवासी मो जाबिर के बेटे मो. शादिक (10) के रूप में हुई है। घर के बाहर खेल रहा था मासूम घटना की जानकारी देते हुए मृतक बच्चे के परिजनों ने बताया कि बच्चा घर के सामने दोस्तों के साथ खेल रहा था। तभी ट्रैक्टर चालक ने अपना संतुलन खो दिया और फिर तेज रफ्तार ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गई। जिसके बाद घर के बाहर खेल रहे मासूम को ट्रैक्टर ने कुचल दिया। घटना के फौरन बाद परिजन और स्थानीय मौके पर जुटे, जिसके बाद बच्चे की नाजुक हालत को देखते हुए उसे जीएमसीएच पूर्णिया में एडमिट कराया गया। जहां इलाज के क्रम में बच्चे की मौत हो गई। चालक को किया पुलिस के हवाले ग्रामीणों ने ट्रैक्टर और चालक दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया है। वहीं, मौत के बाद परिवार वालों को रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि काफी घनी बस्ती है। सड़क के दोनों तरफ लोगों का घर है। चालक तेज रफ्तार मे वाहन चलाते हैं, जिससे अक्सर गांव के लोग सड़क दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

कैमूर के दतियांव मोड़ की घटना, चालक फरार

कैमूर। कैमूर के भभुआ थाना क्षेत्र के दतियांव मोड़ के पास ई-रिक्शा और टेंपो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इससे ई-रिक्शा में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, दो अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए स्थानीय ग्रामीण सदर अस्पताल भभुआ लेकर आए है । यहां चिकित्सकों की देख-रेख में उपचार चल रहा है। टक्कर मारने के बाद टेंपो चालक अपना वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर सदर अस्पताल भभुआ पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करने के लिए कागजी कार्रवाई करने के बाद सदर अस्पताल में भेजवा दिया है। मृतक अपनी मां का पेंशन का पैसा निकालने के लिए दतियांव गए थे। वहीं, घायल सैदरा गांव निवासी ज्यूत बिंद के बेटे गणपत कुमार और मोकरी गांव की शिक्षिका साजिदा खातून बताई जा रही है। मामले की जांच में जुटी पुलिस ग्रामीण की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की है और पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

RJD ऑफिस में नेताओं ने केक काटा, उनकी लंबी उम्र की कामना की

गोपालगंज। गोपालगंज में RJD सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का आज 77वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया जा रहा है। उनके पैतृक जिला गोपालगंज में भी जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय पर राजद नेताओं ने केक काट कर उनका बर्थडे मनाया। साथ ही उनके लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान राजद के जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह समेत कई राजद नेता शामिल हुए। दरअसल, इस मामले में जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि भारत के राजनीतिक इतिहास में एक अग्रणी नेता के रूप में लालू प्रसाद यादव का योगदान अतुलनीय रहा है। वे सदैव गरीब, शोषित और वंचित वर्गों के अधिकारों की आवाज रहे हैं। उनकी लोकलुभावन शैली और जनहितैषी नीतियों ने उन्हें जनता का नायक बना दिया है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में लाए गए विकास कार्यक्रमों और जनकल्याणकारी योजनाओं ने लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। वे हर पल जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास करते रहे हैं।

निगरानी ने 15 हजार लेते पकड़ा, गिरफ्तारी के लिए सीओ के भाई से मांगी थी रिश्वत

बेगूसराय। बेगूसराय के भगवानपुर थाना में पदस्थापित एसआई विनीत कुमार झा को 15 हजार रुपए घूस लेते विजिलेंस ने पकड़ा था। एसआई ने लूटपाट और मारपीट मामले में गिरफ्तारी के लिए सीओ के भाई से रिश्वत मांगी थी। जुलाई से देश में नई भारतीय दंड संहिता लागू हो रही है। इसके लिए ट्रेनिंग चल रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार सोमवार को प्रशिक्षण के पहले दिन विनीत कुमार झा शामिल हुए थे। जिसमें उन्हें बताया गया था कि पुलिस सेवा कितनी जिम्मेदारी का काम है। जनता की रक्षा हमें कैसे करनी चाहिए। दिनभर की ट्रेनिंग लेने के बाद वे 6 बजे शाम में भगवानपुर निकले और सबसे पहला काम घूस लेने का किया। पीड़ित सौरभ कुमार ने जैसे ही रुपए दिए निगरानी की टीम पहुंच गई और एसआई को पकड़ लिया। गाड़ी में बैठाने के दौरान एसआई ने धक्का-मुक्की भी की। इस दौरान एसआई का बैच गिर गया। बेगूसराय की सीमा से बाहर ले जाकर की पूछताछ शायद यह पहला मौका था जब विजिलेंस की टीम ने गिरफ्तार करने के बाद आरोपी को जिला मुख्यालय नहीं लाया। बेगूसराय जिले की सीमा में विजिलेंस की गाड़ी कहीं नहीं रुकी। डीएसपी अरुणोदय पांडेय के नेतृत्व में विजिलेंस की टीम उसे लेकर सीधा बेगूसराय की सीमा से बाहर ले गई। मोकामा के आसपास गाड़ी रोककर उससे पूछताछ की गई। साथ में पीड़ित पक्ष भी था, उससे भी पूरी जानकारी ली गई। जिसमें स्पष्ट हो गया कि लूट और मारपीट करने वालों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। गिरफ्तारी के लिए रुपए मांगे गए थे। जिसके बाद पीड़ित पक्ष ने विजिलेंस की टीम से संपर्क किया। इस मामले में थानाध्यक्ष की चुप्पी साध रखी है। गिरफ्तारी के बाद थानाध्यक्ष फोन भी रिसीव नहीं कर रहे हैं। अपराधियों ने मारपीट कर पांच लाख रंगदारी मांगी थी पीड़ित सौरभ कुमार ने कहा कि हम लोगों ने लूट-पाट और मारपीट का आवेदन दिया था। इसमें सब इंस्पेक्टर विनीत कुमार झा आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए 15000 बार-बार मांग रहे थे। परेशान होकर विजिलेंस को सूचना दी, इसके बाद जांच में मामला सही पाए जाने पर घूस मांगने वाले को गिरफ्तार किया गया। सौरभ ने बताया कि 7 मई को मैं अपने घर पर था। इसी दौरान स्थानीय अंकित कुमार उर्फ डॉन, विकास कुमार उर्फ लाल जी, अकहा निवासी हिमांशु कुमार, प्रियांशु कुमार और दलसिंहसराय निवासी मुकुल कुमार लाठी-डंडा और हथियार से लैस होकर मेरे घर पर आए। गाली-गलौज करते हुए धमकाने लगे। आरोपियों ने 15 दिन पहले धमकी दी थी कि चैन से रहना है तो रंगदारी 5,00,000 देना होगा। मेरे भाई मकसूदन चौरसिया रोहतास में अंचलाधिकारी हैं। मारपीट कर हमें अधमरा कर दिया था सौरभ ने कहा कि हम लोगों ने लाठी-डंडा से मारपीट कर अधमरा कर दिया। पिता जी बचाने आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई। हम लोगों को बचाने के लिए मां 25000 लेकर आई और देने लगी तो उन लोगों ने मां को भी धक्का दे दिया। रुपया और मंगलसूत्र छीन लिया। फ्रिज, स्कूटी और बक्सा में तोड़फोड़ किया गया। घर में रखे जरूरी कागजात और जेवर लेकर भाग गए। जनवरी में भी अंकित कुमार ने हम लोगों के साथ मारपीट की थी। जिसकी प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी। फिर घटना हुई तो केस के आईओ विनीत कुमार झा गिरफ्तार नहीं कर रहे थे। एक तो बदमाशों ने मारपीट और लूटपाट करते हुए रंगदारी मांगी थी। ऊपर से थाना की पुलिस रक्षा करने के बदले पैसा मांग रही थी, मजबूरी में ऐसा करना पड़ा। पीड़ित ने निगरानी में आवेदन दिया था विजिलेंस विभाग के डीएसपी अरुणोदय पांडेय ने बताया कि भगवानपुर थाना क्षेत्र के संजात निवासी रामाशीष चौरसिया के पुत्र ने सौरभ कुमार ने निगरानी में आवेदन दिया था। जिसमें लिखा था कि भगवानपुर थाना में मारपीट और छिनतई का FIR 126/24 कराई थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आईओ विनीत कुमार झा ने 15,000 की मांग की थी। निगरानी ने इसका सत्यापन कराया।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

